में प्रस्थापित कर प्रभावशाली बनाया था, स्वतंत्र रूप से नहीं रही। यह व्यक्ति था याज्ञवल्क्य, जिसने पुरातन संस्कृति से यशस्वी समन्वय करवाकर प्रतिस्पर्धी शाखा को पूरी तरह हराया। संस्कृति और तात्त्विक परिचय की दृष्टि से वह समकालीनों में बहुत ऊँचे स्तर का है। बाकी पुरोहित उसे भय और आदर से देखते हैं। राजा लोग उसका आदर–सत्कार करते हैं। नया विचार अभ्यासपूर्वक अपनाकर वह पुनः पारंपरिक वैदिक संप्रदाय की श्रेष्ठता स्थापित करता है। यहां हमें वे सब संक्रमण काल के विशेष और लाक्षणिक विरोध मिलते है। उपनिषद् का आरंभ अश्वमेध की कल्पना से होता है। यहां पर अश्वमेध का केवल प्रतीकात्मक अर्थ है। यहां सर्व विश्व की एक प्रचड वैश्विक यज्ञ–प्रक्रिया से तुलना की है। सृष्टि प्रक्रिया असत् से शुरू होकर उत्क्रांत होती है। यहां असत् से सत् होने का वर्णन करनेवाले वैदिक सूक्त की केवल प्रतिध्वनि है। सृष्टि प्रक्रिया का बड़े अश्वमेध के साथ तुलना करके उपनिषद् आगे मानवीय व्यक्तित्व का भाव वर्णन करता है। सब शारीरिक क्रियाओ में प्राण श्रेष्ठ है। परोक्ष रूप से यह प्राण की वजह से गाये जानेवाले वैदिक सूक्तों की स्तुति है। अगले विभाग में जगत्सर्जन का दूसरा ही वृत्तांत आया है। सब पदार्थों का आरंभ एकाकी पुरूष से ही हुआ है और उसके सहचरी का उद्भव वर्णन किया है। यहा आदि मिथुन से सब मनुष्य जाति के जन्म की कल्पना की गई है। तथापि आदि माता यकायक सकेत के बाहर होनेवाले विवाह सम्बन्ध के बारे अरूचि लेकर अपने साथी से अपने को छुपाने का प्रयास करती है। इस तरह यह गौ और वह बैल बनकर प्राणियों की दूसरी जाति का निर्माण करते है। बाद में यह दूसरे प्राणियों मे अपने को बदल डालती है और आदि पुरूष अपनी संगिनी से मिलने की इच्छा रखते हुए उसी तरह रूपातरण पाता है। इस तरह विविध प्राणि जातिया बनती हैं। आगे पुरूष सूक्त को एक रोचक और नवीन रूप दिया गया है। ऋग्वेद के इस सूक्त में चार वर्णों की उत्पत्ति का वर्णन है। परंतु यहां दूसरा ही वृत्तांत है। पुरूष पहले ब्रह्म के रूप में था। एक ही होने की वजह से उसका विस्तार नहीं हुआ। उसने और आगे क्षत्रियत्व के श्रेष्ठ रूप का निर्माण किया, जो देवों के नियामक बने। क्षत्रियत्व के इस उच्चतर तत्त्व का प्रतिनिधित्व करने

at the Rajasuya ceremony the Brahmana sits below the Ksatriya. Upon Ksatrahood alone does he confer his honour. Yet this same thing viz; Ksatrasood has as its source Brahmanahood. Therefore even if the king attains supremacy he rests finally upon Brahminhood as his source, so whoever injures Him (That is a Brahmin) attacks his own source. He fares worse in proportion as he injures one how is better. This passage is characteristic of the spirit of compromise. Ksatriyahood and Rajasuya sacrifice are clearly acknowledged to be super-eminent and at the same time the rank is derived because they originate from Brahmanhood. Unlike the Purusasukta of the Rg this account suggests a caste organisation even among the Gods. Brahman's manifestation was not yet complete. Then he produced the Vaisya element which is represented among the gods by the Rudras, Adityas, the Maruts, and the Visvadevas and among men by the Vaisya. Brahma was not yet developed and he created the Sudra-varna of which caste the divine representative is Pusan identified with the Earth the-all-nourisher and among men the same is represented by the fourth caste. The process of creation is not yet compelte. Then Brahma created a still further form in the shape of Dharma or Law. It is the source of all. This is the power of the Ksatriya caste. Therefore there is nothing higher than Law. Verily that which is Law is truth. This law is higher than Gods as well as men. It is because of this Law and in conformity with it the world-order subsists. The Ksatriya-order on earth is but an aspect of the sovereignty of Law over all. In This interesting passage we have several instances. We are distinctly in a philosophical age when in intrinsic principle of Law or Dharma is recognised as highest to which even the traditional gods are subordinated. This reminds us of the corresponding period of the Hellenic civilisation represented by the age of Eurepides. Just as the conception of Law in Greek thought formed the central doctrine of the later Stoic Philosophers so the conception of Law is to be elaborated by the later Buddhistic schools in which it would occupy the central position in the shape of the doctrine of Karma. But we quit the age of an intellectual conflict and enter into an age of compromise. The old rivalry and struggle between the two rival communities are in abeyance. There is a spirit of mutual give and take. From the one point of view, the Rajasuya sacrifice associated with the Ksatriyas is the

हैं इंद्र, वरुण, सोम, रुद्र, यम और ईशान। अतः क्षत्रिय से उच्चतर कोई भी नहीं। इसलिए राजसूय के समय ब्राह्मण (पुरोहित) क्षत्रिय से नीचे स्थान पर बैठता है। केवल क्षत्रत्व को ही वह अपना आदर दिखाता है। तब भी क्षत्रत्व का स्रोत ब्राह्मणत्व ही है। इसलिए यद्यपि राजा श्रेष्ठत्व पाता है, फिर भी वह ब्रह्मत्व के स्रोत पर ही निर्भर रहता है। जो (क्षत्रिय) ब्राह्मण को कष्ट देता है, वह अपने ही स्रोत पर हमला करता है। अपने से अच्छे को कष्ट देने से उसी प्रमाण मे उसकी उन्नति कम होती है। इसमें समन्वय का तत्त्व लक्षित होता है। क्षत्रत्व और राजसूय यज्ञ विशेष प्रकार से श्रेष्ठ बताए गए हैं, और उसकी प्रतिष्ठा ब्रह्मत्व पर आधारित है। पुरूष सूक्त से अलग, यह वृत्तांत देवों में भी वर्ण व्यवस्था सूचित करता है। ब्रह्म का आविष्कार अब भी पूरा नहीं हुआ था। तो उसने वैश्य अंश का निमार्ण किया, जिसके प्रतिनिधि देवो मे रूद्र, आदित्य, मरूद्‌गण, विश्वदेव है, और मनुष्यो में वैश्य वर्ण हैं। इस से भी आगे ब्रह्म ने शूद्रवर्ण उत्पन्न किया, जिसका प्रतिनिधि पूषान् याने सर्वपोषक पृथिवी और मनुष्यों में चतुर्थ वर्ण है। तथापि सृष्टिप्रक्रिया पूरी नहीं हुई। अत ब्रह्म ने धर्म का निर्माण किया जो सबका स्रोत है। क्षत्रिय वर्ण की शक्ति यही है। अतः धर्म से अधिक कुछ भी नही। निःसदेह जो धर्म है वही सत्य है। धर्म देवो से और मनुष्यो से श्रेष्ठ है। धर्म के कारण और धर्म के अनुरूप ही इस जगत् का व्यवहार चल रहा है। क्षत्रियो की जो सत्ता भूमिपर है वह भी धर्म की प्रभुसत्ता का ही एक रूप है। इस उदाहरण में हमे कई उदाहरण मिलते है। स्पष्ट रूप से हम यहा तत्त्वज्ञान के युग मे हैं, जब धर्मरूप आतरिक तत्त्व श्रेष्ठतम माना गया है। पारपरिक देव भी उसके अधीन हैं। इससे हमे हेलेनिक संस्कृति के युरिपिडिस युग का स्मरण होता है। जिस तरह ग्रीकों की धर्म कल्पना आगे स्टोइक तत्त्वज्ञो का केंद्र भूत सिद्धांत बनी, उसी तरह भारतीयों की धर्मकल्पना आगे बौद्ध संप्रदायों को विस्तारित करती थी, जहा उसको कर्मसिद्धांत के रूप में केंद्र स्थान पाना था। लेकिन हम यहां बौद्धिक संघर्ष का युग छोड़कर समन्वय के युग में प्रवेश करते हैं। दो स्पर्धक समाजों में चलनेवाला पुरातन स्पर्धात्मक सघर्ष अब शात हो गया। परस्पर आदान–प्रदान की वृत्ति स्थापित हुई। एक

highest and from the another point of view the Vajapeya-sacrifice associated with the Brahmins is the highest. Ksatriya is taken to be superior because of his strength and Brahmin is equally powerful becaus of his religious inspiration. Thus we have a note of compromise indicating that both the aspects are necessary and important from the point of view of social economy.

In the II Adhyaya we are introduced into the scene in Ajatasatru's court. A learned priest by name Gargya Balaki goes to Ajatasatru, King of Benares and offers to expound the doctine of Brahman. The king was very much pleased and promised to give him a present of a thousand cows for such a speech before him, for it was a general fashion among the philosophers in those days to run to the Court of Janaka of Videha; then Balaki narrates his views about Brahman. He identified Brahman with the sun, moon, lightning, ether, air, water, fire and so on. He even suggests the identity of Brahman with the image in the mirror. All these things are rejected by Ajatasatru as inadequate. Is that all ? Asked Ajatasatru. Gargya replies "That is all". Ajatasatru: Oh ! With that much is not known. Gargya: Let me know.

Ajatasatru: Verily it is contrary to course of things that a Brahmin should come to a Ksatriya with the object of gaining Brahma-knowledge ! But anyhow Gargya was willing to be instructed by Ajatasatru. Balaki was taken to a man who was asleep. But when he was touched with the hand he arose. From this object-lesson Ajatasatru drew the following conclusion. When this man was fallen asleep thus then the person who consists of intelligence having taken to himself, the intelligence of these senses rests in that place which is within the heart. When that person restrains the senses he is said to be asleep. The Breath, the voice, the eye, the ear and the mind are all restrained. When he draws in his senses the worlds are all in him. Then he becomes a great Brahman as it were. Verily as a youth, as a great king, or a great Brahman when he has reached his summit of bliss so he rests now. As a spider might come ot with its thread, as small

दृष्टिकोण से क्षत्रियों से संबद्ध राजसूय यज्ञ श्रेष्ठ है, तो दूसरी तरफ ब्राह्मणों से सम्बन्धित वाजपेय यज्ञ श्रेष्ठ है। क्षत्रिय को बल के आधार पर श्रेष्ठ माना है, ब्राह्मण धार्मिक प्रेरणा के कारण उतना ही सामर्थ्यवान् है। इस तरह सामाजिक व्यवस्था की दृष्टि से दोनों अंश आवश्यक और महत्त्वपूर्ण होने की सूचक समन्वय वृत्ति पर हम आते हैं।

दूसरे अध्याय में अजातशत्रु के दरबार का दृश्य है। गार्ग्य बलाकि नामक विद्वान् पुरोहित काशी के राजा अजातशत्रु के पास जाता है, और ब्रह्म सिद्धांत का विवरण देने की इच्छा प्रकट करता है। राजा खुश होकर इसके लिए एक सहस्त्र गायों का दान उसे देने का आश्वासन देता है। विदेह के राजा जनक के पास जाने की उन दिनों तत्त्वज्ञों में साधारण प्रथा थी। बालाकि ब्रह्म की अपनी कल्पनाओ का कथन करता है। वह ब्रह्म को सूर्य, चंद्र, विद्युत्, आकाश, वायु, जल, अग्नि के रूप में मानता है। यहा तक कि वह ब्रह्म का दर्पण–प्रतिबिंब से भी तादात्म्य सूचित करता है। अजातशत्रु इन सब बातों को अपर्याप्त मानकर नकार देता है। अजातशत्रु पूछता है, 'बस , इतना ही?' गार्ग्य उत्तर देता है, 'इतना ही'। अजातशत्रु कहता है, 'ओ, उतने से ज्ञान नही होगा'। गार्ग्य बोलता है, 'समझाइए'।

अजातशत्रु कहता है कि ब्रह्मज्ञान प्राप्त करने के उद्देश्य से एक ब्राह्मण का क्षत्रिय के पास आना यह एक रूढ़ि के विपरीत है। लेकिन गार्ग्य की इच्छा यही थी। अतः उसे एक निद्राधीन मनुष्य के पास ले जाया गया। हाथ से स्पर्श करते ही वह उठा। इस साक्षात् पाठ से अजातशत्रु ने एक निष्कर्ष निकाला। जब वहां वह निद्राधीन था, बुद्धिमय होने से स्वयं के पास गया और हृदय में इंद्रियों ने बुद्धि को स्थान दे दिया। जब वह आदमी इंद्रियों का दमन करता है वह निद्राधीन कहलाता है। प्राण, वाणी, नेत्र, कर्ण, और मन सब नियंत्रण में होते हैं। जब इंद्रियों को वह आकृष्ट करता है, सारा विश्व उसी में समा जाता है। तब वह मानो ब्रह्म ही बनता है। युवा होते हुए, महान् राजा होते हुए और ब्रह्मरूप अवस्था में जब वह आनंद की पराकाष्ठा प्राप्त करता है, तब वह विश्राम करता है। जैसे एक मकोड़ा अपने धागे लेकर बाहर आता

spark come out from the fire, even so from this Soul come forth al vital energies all worlds, all gods, all beings. The mystic meaning thereof is the real of the real. Breathing creatures are really the Real, but He is their Real. Thus according to Ajatasatru the self in the movement of sleep is not only the custodian of the senses of the individual but is also indentical with the soul of the world. All breathing things are real but He is their Real. Continuing the discourse Ajatasatru speaks of the two forms of Brahman-Murta and Amurta--the formed and the formless--the mortal and the immortal, the actual and the beyond. This doctrine of duality of Brahman is interesting in this way. The ultimate reality includes both the actual concrete experience and the transcendental principle which expresses itself in this. The transcendental is described by negatives. The actual and the normal portions of reality are recognised to be real and are described by the positive designation. This section lends support to that particular school of Vedanta--Visistadvaita. The organic world consisting of breathing things is real and not Maya. It respresents the Murta form of Brahman but this does not exhaust the complete Brahman because their is the Amurta, the formless aspect of that on account of which he is called the real of the real.

Next we find ourselvs in Vajnavalkya's household. The scene is laid in his home. Yajnavalkya proposes to take leave of his wife and retire from the householder's status. Yajnavalkya wants to make a final settlement of his property but Maitreyi asked Yajnavalkya whether by possession of wealth one would obtain immortality. This interrogation perturbed the philosopher a bit and he had to answer the question in the negative. Maitreyi would not be satisfied with anyhting else than that which lead to the highest bliss, "What you know, Sir, that indeed tell me". Then we have Yajnavalkya's teachings as imparted to his wife Maitreyi. The only thing in the universe which has intrinsic value is Atman or Self. It is this that is dearest to us. Everything that we desire to have obtains a derivative value from this Atman. This is the end in itself. This is associated with the unconditioned and absolute value. Domestic life, worldly possessions, social status and even religious ceremonials and national traditions have their value only so long as they serve us as means to he realization of the Atman. A Brahmin who prides on his birth without

है, जैसे अग्नि से छोटी सी चमक निकलती है, वैसे ही इस आत्मा से सब प्राणशक्तियां, देव, जगत्, प्राणी आदि बाहर आते हैं। इसका गूढ अर्थ सत्य का सत्य है। जीवित प्राणी यथार्थ में सत्य है, लेकिन वह (आत्मा) उनका भी सत्य है। इस तरह अजातशत्रु के अनुसार आत्मा निद्राकार्य में इंद्रियों का रक्षक ही नही बल्कि जगदात्मा से अभिन्न होता है। जीवित प्राणी सत्य हैं लेकिन वह उसका सत्य है। अजातशत्रु अपना प्रवचन जारी रखते हुए मूर्त और अमूर्त ऐसे ब्रह्म के दो रूप वर्णन करता है–याने रूपवान् और रूपहीन, मर्त्य (Mortal) और अमर्त्य (immortal), प्रत्यक्ष और परोक्ष। यह ब्रह्म का रूपद्वय सिद्धात रोचक है। अंतिम सत्य में प्रत्यक्ष साकार अनुभव और अलौकिक तत्त्व, जो अनुभव में स्वयं को व्यक्त करता है, दोनो का समावेश है। अलौकिक तत्त्व का वर्णन नकारों द्वारा किया गया है। प्रत्यक्ष और सामान्य होनेवाले सत्य के विभाग सत्य जाने गए है और उनका वर्णन निश्चयात्मक निर्देश द्वारा होता है। यह विभाग विशिष्टाद्वैत वेदात की पुष्टि करता है। ऐंद्रिय जगत् में समाविष्ट प्राणिसृष्टि सत्य है, माया नहीं। यह ब्रह्म का मूर्त रूप है, लेकिन उससे ब्रह्म पूर्ण नहीं होता। उसका रूपहीन अमूर्त अंश बाकी है, जिसकी वजह से ब्रह्म सत्य का सत्य कहलाता है।

इसके बाद हम याज्ञवल्क्य (Yajnavalkya) के गृह में प्रवेश करते है। याज्ञवल्क्य पत्नी से विदा होकर गृहस्थाश्रम से सन्यस्त होने की सूचना देता है। याज्ञवल्क्य अपनी संपत्ति का विभाग करना चाहता है, लेकिन मैत्रेयी पूछती है कि संपत्ति धारण करने से किसी को अमरत्व मिलेगा क्या? यह प्रश्न तत्त्वज्ञ को क्षण भर के लिए अस्वस्थ करता है और उसे नकारात्मक उत्तर देता है। परमानंद के सिवाय मैत्रेयी संतुष्ट नहीं होती है। 'महाराज, आप इसके बारे मे जो जानते है बताइये'। याज्ञवल्क्य का मैत्रेयी को उपदेश इसके बाद आता है। सारे जगत् में आंतरिक मूल्यवाली चीज आत्मा ही है। वही मनुष्य को प्रियतम होती है। जो चीज हम प्राप्त करना चाहते हैं वे सारी चीजें आत्मा से ही मिलती हैं। यही अपने आप मे प्राप्तव्य है। इसका संबंध अनुपाधिक केवल तत्त्व से है। गृहस्थाश्रम का जीवन, भौतिक संपत्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा, इतना ही नहीं धार्मिक समारंभ और राष्ट्रिय परंपराएं भी आत्मसाक्षात्कार के साधन के रूप मे ही महत्त्वपूर्ण होती हैं। यह ज्ञान न होते हुए जो अपने जन्म

knowing this ceases to be a Brahmin and the same is the case with the Ksatriya. One may possess riches. One may carry out every commandment of his religion and all this would be of no avail if the knowledge of the self is not the guiding star of life. Conventional notions of value of social status and rank are all things that dwindle into insignificance by the side of this--One truth, the Great Purusa. Communion with this is the only safety for and the only guarantee of true life. Even the much prized Vedas and the other sciences own their origin and importance to this one. It is this one inspiring principle the unitary Purusa that lends lustre to anything that is shining. From Him comes the elements, into them also they vanish. After death there is consciousness. Thus say I, says Vajnavalkya. This doctine that after death there is consciousness bewildered Matireyi. She demanded an explanation Accordingly Yajnavalkya said thus:

Consciousness is entirely based upon the subject-object duality "Dvaita". On account of this dualism we have an agent who has an object, presented to him who hears a sound, who speaks to another person, who thinks of another thing, but if this subject-object dualism is transcended and if we are left with one only without a second then whereby and whom one would hear and where by and whom one would speak to, whereby and whom one would understand. Naturally all objects of thinking and consciousness would cease to be because consciousness implies duality. Unity cannot therefore accommodate consciousness. Thus we have not only the identification of subject-object into one soul but the identification of the universe with the one soul. Thus we obtain an unqualified Advaita, an uncompromising Advaitism diametrically opposed to Ajatasatru's doctrine of the two kinds of Brahman. This conflict only proves that we don't have a systematic doctrine worked out in the Upanisads but we have embodied therein the germs of all possible speculations. Next we are in Janaka's court, and we meet there the great Yajnavalkya again. Janaka was going to perform a great sacrifice. Several learned Brahmins were assembled. Janaka had a desire to know which of these Brahmins was the most learned. He offered a tempting prize of 1000 cows with ten gold coins tied to each horn. "Oh the venerable

से ब्राह्मण होने का अभिमानी हो वह ब्राह्मण नहीं। यह बात क्षत्रिय के बारे में भी सच है। किसी के पास संपत्ति हो सकती है। धर्म के हर आदेश का पालन करें। लेकिन आत्मज्ञान अगर जीवन का मार्गदर्शक न हो तो किसी का उपयोग नहीं है। इसी एकमात्र सत्य, महान् पुरूष के आगे सामाजिक प्रतिष्ठा और श्रेणी की मूल्य विषयक सारी रूढ़िबद्ध कल्पनाए नगण्य बन जाती हैं। सच्चे जीवन की एकमात्र सुरक्षा और जिम्मा आत्मा से मिलन ही है। बहुमूल्य वेद और शास्त्र का भी उद्भव और महत्त्व आत्मा से ही है। यही एकमात्र प्रेरणादायक तत्त्व, केवल पुरूष सारी चमकने वाली चीजों को तेज देता है। उसी से पंच महाभूत आते हैं, उसी में विलीन होते हैं। मृत्यु के बाद चैतन्य रहता है। ऐसा मै कहता हूं। याज्ञवल्क्य का यह कथन मैत्रेयी को भ्रम मे डालता है। वह विस्तृत विवरण चाहती है। अतः याज्ञवल्क्य फिर कहता है।

चेतना पूरी तरह से विषय–विषयी द्वैत पर आधारित है। इसी द्वैतभाव के कारण कर्त्ता का विषय होता है, जो उसके सामने होते हुए वह आवाज सुनता है, दूसरे व्यक्ति से बातचीत करता है, दूसरी किसी चीज को मन में लाता है। लेकिन जब इस द्वैतभाव का अतिक्रमण होता है और हमारे पास एक ही रह जाता है, तो कौन किसका ध्यान करेगा, कौन किससे बात करेगा, कौन किसको समझेगा? सहज ही विचार करने की और चेतना की हर बात समाप्त होगी, क्योंकि चेतना में भेद सूचित होता है। अतः एकता का चेतना से समन्वय नहीं हो सकता। इसलिए विषय–विषयी एक आत्मा में मिल जाते हैं, इतना ही नही विश्व भी उस एक आत्मा में एकरूप हो जाता है। इसी से हमे निर्विशेष अद्वैत सिद्धांत मिलता है, निर्विवाद अद्वैतवाद, जो अजातशत्रु के द्विरूप ब्रह्मसिद्धांत का बिल्कुल विरोधी है। इस संघर्ष से सिद्ध होता है कि उपनिषदों में कोई एक सिद्धांत व्यवस्थित नहीं प्रतिपादित किया गया है, उनमें विभिन्न वादो के बीज निहित है। इसके बाद हम जनक के दरबार मे आते हैं। वहां फिर याज्ञवल्क्य का दर्शन हो जाता है। जनक एक महायज्ञ करनेवाला था। अनेक विद्वान् ब्राह्मण वहां आये थे। इनमें सबसे अधिक विद्वान् कौन है यह जानने की जनक की इच्छा थी। उसने एक सहस्र गायों का आकर्षक पारितोषिक घोषित किया, जिन के सीग में दस–दस सोने के सिक्के बांधे थे। 'आदरणीय ब्राह्मण–गण

Brahmins ! Let him who is the cleverest among you drive these cows. " No one came forward Yajnavalkya said to his disciple "Drive these cattle home." This excited the othe Brahmins who challenged him to a metaphysical discussion. He proved himself more than a match to these rivals. Several eminent scholars tried their strength with Yajnavalkya. But no one of them would stand his cross-examination. Finally, it was the turn of a lady philosopher--Gargi. She proposes three important questions as to the nature of the Imperishable and the Ultimate. The way in which she addresses Yajnavalkya is expressive of her real greatness. She announces that if Yajnavalkya answers all her questions then they must all recognise and acknowledge that they are vanquished and disgraced. Three questions proposed by Gargi were all about the self indestructible both in the individual and in the Universe. Vjnavalkya answered all of them to the great satisfication of the questioner. The whole physical universe ultimately depends upon space and space itself ultimately depends upon the Atman. This is the meaning of his answers. Yajnavalkya makes out that the soul is transcending all notions of humanity and devoid of all sense-qualities. "Thou shalt not see the seer not hear the hearer. That is the self that is within all. It is above the heavens beneath the Earth, and embracing past, present and future. Whosoever not knowing the indstructible offers obiations and performs penances even for one thousand years is a miserable slave whereas he who knows the self as imperishable is real Brahman. This indeed is the true form free from evil. This is filled with bliss and is free from sorrows. Yajnavalkya explains the different stages of consciousness a doctrine which becomes more prominent in later metaphysics. The first stage is waking-consciousness. The second is sleep where we have dream-consciousness. Third is the dreamless stage of deep sleep, and the fourth stage beyond which we reach the inmost self. According to Yajnavalkya the true nature is identical with the fourth or the Turiya state This may be spoken of as the "Ego in itself." Self which is distinctly metempirical and transcendent.

आप में से जो सर्वाधिक बुद्धिमान हो वह इन गायों को ले जाए'। कोई भी आगे नहीं आया। तब याज्ञवल्क्य अपने शिष्य से बोला, 'इन गायों को घर ले चलो'। इससे दूसरे ब्राह्मण क्रुद्ध हुए। उन्होंने याज्ञवल्क्य को आध्यात्मिक चर्चा का आह्वान दिया। याज्ञवल्क्य इन स्पर्धकों से अधिक समर्थ सिद्ध हुआ। बहुत से प्रतिष्ठित पंडितों ने अपनी शक्ति आजमायी। लेकिन याज्ञवल्क्य की परीक्षा में कोई भी नहीं टिक सका। आखिर गार्गी नाम की एक महिला पंडिता को अवसर मिला। वह अविनाशी अंतिम तत्त्व के रूप के बारे में तीन महत्वपूर्ण प्रश्न करती है। जिस तरह वह याज्ञवल्क्य से बात करती है उससे उसकी असली श्रेष्ठता व्यक्त होती है। वह घोषित करती है कि यदि याज्ञवल्क्य उसके सारे प्रश्नो का सही जवाब देता है तो उन सबको पराजित और बदनाम होना कबूल करना पड़ेगा। तीनो सवाल उसी अविनाशी आत्मा के संबंध मे हैं जो व्यक्ति मे है और विश्व मे भी। याज्ञवल्क्य ने तीनो का जवाब देकर प्रश्नकर्ती का समाधान किया। सारा भौतिक विश्व आखिर आकाश पर निर्भर है और आकाश भी आत्मा पर। यह उसके जवाबों का अभिप्राय है। याज्ञवल्क्य स्पष्ट करता है कि आत्मा मानव की सब कल्पना के परे और इंद्रियो के गुणों से हीन है। "द्रष्टा को तुम देख नहीं पाओगे, सुननेवाले को सुन नही सकोगे। यही आत्मा है जो सबके अंदर है। वह स्वर्ग से ऊपर, पृथ्वी के नीचे है और भूत, वर्तमान और भविष्य को अपने में समाया हुआ है। इस अविनाशी को बिना जाने जो भी आहुति देता है और तपश्चरण करता है वह सहस्रों वर्षों तक भी होता रहे तो भी वह एक दुःखी दास ही रहेगा और जो आत्मा को जानता है वह सत्य ब्रह्म ही है। यही पापहीन सत्य रूप है। यह आनंद से भरा हुआ और दुःख से मुक्त है।" याज्ञवल्क्य चैतन्य की विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन करता है–एक ऐसा सिद्धांत, जो आगे के आध्यात्म शास्त्र में अधिक प्रसिद्ध हुआ। पहली अवस्था है जागरण की। दूसरी है स्वप्न चेतनावती निद्रा की। तीसरी अवस्था होती है स्वप्नहीन गाढ निद्रा की। चतुर्थ अवस्था के परे जाकर हम अंतरात्मा तक पहुंचते हैं। याज्ञवल्क्य के अनुसार सत्य तत्त्व चतुर्थ या तुरीय अवस्था से अभिन्न है। इसे अहम् (Ego in itself) कहा जा सकता है या आत्मा, जो निश्चित रूप से अनुभव से परे और अलौकिक है।

The next scene is where we see Yajnavalkya again in the court of Janka of Videha who asked Yajnavalkya the purpose of his visit whether it is for phiosophical disputation or for rich presents. Yajnavalkya is shrewd enough to a answer that his aim is both. Then begins the discussion. Janaka is asked to expound all that he learned about the doctrine of Brahman. The king narrates the different doctrines of Brahman which he learnt from various scholars. He tries to indentify Brahman with sight, speech, hearing, mind etc. All these doctrines are recognised by Vajnavalkya to be only partially true. He completes the teaching by supplementing Janaka's doctrine of he self.

According to Yajnavalkya the Atman is he condition of the operation of the different senses as well as manas. As conditioned by Atman, these sense-activities may reveal in their own way the nature of the underlying Brahman. But to identify consciousness or any one of the senses with Brahman would be unjustifiable and erroneous. The soul is what subserves these functions thoug it is not identical with any one of these. Its true nature lies far beyond the strata of consciousness. We should have to dive deep into the consciounsenss in order to have a glimpse of this Brahman. In his teahcing, Vajnavalkya exhibits a width of learning quite manifest from his discussion. We can also point out that this is corroborated by modern psychical research. What we are aware of as consciousness is but a fractional aspect of our true personality, a great portion of which lies hidden in the depths of subsconsciousness. Yajnavalkya's teaching therefore rightly and justifiable repudiates this shallow intellectualism and tries to bring to the forefront of discussion the magnitude and the importance of the subconscious self which more than anything else determines the conduct of the individual and contributes to his worth. This subconsciousness of our personality is always felt by the conscious individual as something othe than overselves which makes for righteousness. It is this sublime mysticism that forms the solid contribution of Yajnavalkya's teachingin Janaka's court. No wonder that at every stage of discussion his speech is punctuated with a

आगे के प्रवेश में हम पुनः याज्ञवल्क्य को विदेह के जनक राजा के दरबार में देखते हैं, जो याज्ञवल्क्य से अपनी भेंट का प्रयोजन पूछता है–कि वह तात्त्विक चर्चा के लिए है या भारी पारितोषिकों के लिए। याज्ञवल्क्य बुद्धिमान है, वह उत्तर देता है 'दोनों के लिए'। फिर संवाद होता है। ब्रह्म सिद्धात के बारे मे जो भी सुना है वह स्पष्ट करने के लिए जनक को पूछा जाता है। राजा अलग–अलग सिद्धांत कथन करता है, जो उसने पंडितो से सुने है। वह ब्रह्म को दर्शन, भाषण, श्रवण, मन इत्यादि के समान दिखाने का प्रयास करता है। याज्ञवल्क्य इन सबको केवल आंशिक सत्य मानता है। वह जनक के सिद्धांत को पुष्ट करके उपदेश पूर्ण करता है।

याज्ञवल्क्य के अनुसार इन्द्रिय और मन को क्रियात्मक रहने के लिए आत्मा का रहना आवश्यक है। आत्मा से नियत्रित होकर इद्रियों की क्रियाए अन्तर्निहित ब्रह्म के स्वभाव को अपनी रीति से प्रकट करती है। लेकिन चैतन्य का शोध या इद्रियों का ब्रह्म से एकत्व मानना असमर्थनीय और भ्रामक होगा। आत्मा उनसे एकत्व प्राप्त न करते हुए इंद्रियो के कार्य मे सहायता करता है। चैतन्य के स्तर से आत्मा परे है। ब्रह्म को समझने के लिए हमे उसे चैतन्य के अदर खोज करना पड़ेगा। अपने उपदेश मे याज्ञवल्क्य गहन पाडित्य प्रकट करता है, जो उसकी चर्चा से स्पष्ट है। हम यह भी दिखा सकते है कि यह आधुनिक मानस सशोधन से मिलता–जुलता है। चैतन्य का ज्ञान जो हमे है, वह हमारे सच्चे व्यक्तित्व का केवल एक आंशिक रूप मात्र है जिसका बहुत–सा भाग अर्धजागृति की गहराइयों में अज्ञात है। याज्ञवल्क्य के उपदेश में जो आपात बुद्धिवाद का खण्डन है वह योग्य है। याज्ञवल्क्य अपनी चर्चा मे अर्धजागृत आत्मा के परिमाण और महत्त्व को आगे खींचता है, जो सबसे अधिक व्यक्ति का आचरण निश्चित करके उसकी योग्यता को साहाय्य करता है। हमारे व्यक्तित्व की अर्धजागृतावस्था में जागृत व्यक्ति भी समझता है कि यह अपने से भिन्न होकर धर्म की सहायता करती है। जनक के दरबार मे याज्ञवल्क्य द्वारा प्रदत्त उपदेश में उदात्त गूढवाद ही उसकी एक बड़ी देन है। इसमें आश्चर्य की कोई बात नही कि चर्चा की हर अवस्था में इसको एक सहस्र गायो का

present of 1000 cows. This time Vagnavalkya leaves Janak's court with his well earned present of several thousands of cows, a good fee for a noble work.

Janaka is the examiner in another occasion and Yagnavalkya the examinee. Consistent with his antecedents here also Yagnavalkya surprises Janaka with his sublimity of thought and intensity of philosophical insight. It is here that Yagnavalkya describes in suggestive verses the true nature of Brahman. This indeed in true form free from desires, free from evil, free from fear, knows not anything within or without. This indeed is his true state. There is no wish in him left unfulfilled and hence is he free from sorrow. In that state ordinary relations of social life have no meaning, a husband is not a husband, a mother is not a mother, the candala is not a candala, saint is not a saint, it is a state beyond Good and Evil. Then we hae transvaluation of all values. From Him proceedeth all that has value, Himself being beyond all valuation. Side by side with this uncompromising pantheism Vagnavalkya propounds the doctrine of Karma. A person is after all a bundle of desires. His desires determine his cond ict and according as one acts so doth he beome. The doer of good becomes good, the doer of evil, evil. One becomes righteous by righteous action and bad by bad action. He does not accept that desires have no connection with acts. Some say that man is judged by his desires and not by acts. Yagnavalkya rejected this erroneous notion. The springs of desires are in the action. What a man desires that he tries to achieve. Hence there is no discrepancy between desire and conduct and each person is the architect of his own. The true meaning of salvation consists in getting rid of desires which drag the soul along all points of the compass. Man free from desires has but one desire to realise his true nature or to become the released person. He verily becomes the Brahman. As the slough of a snake lies on an ant-hill, dead and cast away, even so is it with this body. But this incorporeal immortal life is Brahman indeed, is life indeed. The rest of the Upanisad is concerned with Yagnavalkya's attempts as justifying the rituals symbolically by giving them metaphorical interpretation. He tries to identify the vedic conception of diversity of Gods with the

दान होता है। इस वक्त याज्ञवल्क्य जनक के दरबार मे सहस्रो गायों को पारितोषिक के रूप में छोड़कर जाता है। यह उदात्त कार्य के लिए उत्तम दक्षिणा है।

दूसरे एक प्रसंग में भी जनक परीक्षक है और याज्ञवल्क्य परीक्षार्थी। अपने पूर्वकार्य के अनुसार यहां भी याज्ञवल्क्य अपने विचारों की उदात्तता और तात्त्विक योग्यदर्शिता का तीव्रता से जनक को आश्चर्याभिभूत कर देता है। सूचक शब्दों मे यहां याज्ञवल्क्य ब्रह्म का असली स्वभाव का वर्णन करता है। ब्रह्म असल में इच्छाओ से, सकट से, भय से, मुक्त है, और अपने अदंर और बाहर और किसी को देखता नही। यही ब्रह्म की सत्य अवस्था है। ब्रह्म मे कोई भी इच्छा नही जो पूरी नही हुई, जिससे ब्रह्म दुःख मुक्त है। इस अवस्था मे सामाजिक जीवन के साधारण रिश्तो का कोई अर्थ ही नही। पति पति नही होता, माता माता नही होती, चाडाल चाडाल नही होता, साधु भी साधु नही है। यह अवस्था शुभ–अशुभ से परे है। इसलिए मूल्यो का भी अतिमूल्यान्तरण है। मूल्याकन के परे हुए उस आत्मा से ही सब मूल्य प्रवृत्त होते है। इस समन्वय के परे अनेक देवतावाद के साथ मे ही याज्ञवल्क्य कर्मसिद्धात का प्रतिपादन करता है। आखिर मनुष्य इच्छाओ की बडी गाठ ही तो है। उसकी इच्छाओ से उसका आचरण बनता है, और जिसका जैसा आचरण होता है वैसा ही वह बनता है। शुभ कर्म करनेवाला शुभ होता है, अशुभ करनेवाला अशुभ। धार्मिक कार्य से आदमी धार्मिक बनता है, पाप से पापी। याज्ञवल्क्य इच्छाओं का कर्मों से सबंध नही होता यह नही मानता। कुछ लोग कहते है कि मनुष्य की परीक्षा उसकी इच्छाओ से होती है, कर्मों से नहीं। याज्ञवल्क्य यह भ्रम नकारता है। कर्मों में इच्छाओ का झरण होता है। मनुष्य जिसकी इच्छा करता है उसी को पाने की कोशिश करता है। अतः इच्छा और आचरण मे कोई असगति नही है। हर आदमी अपना खुद रचनाकार है। मुक्ति का सच्चा अर्थ इच्छाओं से दूर रहने मे है। इच्छाए आत्मा को फेरे के हर बिदु की तरफ आकृष्ट करती है। इच्छाओ से जो मुक्त है उसे अपने स्वरूप का साक्षात्कार करने की या मुक्त बनने की एकमात्र इच्छा होती है। वह ब्रह्म ही बन जाता है। जिस तरह सांप की त्वचा अचेतन, परित्यक्त अवस्था मे बिमोट पर पडी रहती

supreme concept of Brahman. This part of the Upanisad is characteristic of the attempt to reconcile the Atmavidyà with the traditional Vedic culture. Yagnavalkya by embracing this new philosophical doctrine was not evidently prepared to snatch himself away from the traditional vedic rituals. We may also note here that Yagnavalkya probably did not belong to the orthodox Brahmins of Kurupancala and hence was looked with an amount of suspicion by the latter. This is quite evident from Yagnavalky's conversation with Ikalya who resents to Yagnavalky's reference to the Brahmanas of Kurupancala and retorts "Yagnavalkya ! because thou hast decried the Brahmanas of the Kurupancalas what Brahmana dost thou know." We see Yagnavalkya throughout this Upanisad mustering all his resources to prove that in the various rituals there are the same tendencies, the same doctrines, embodied in the Upanisads.

The General Tendencies of the Upanisadic Period--The study of these important Upanisads has revealed to us some main characteristics of this age. The most prominent idea is the Brahma, the ultimate principle in the universe as well as in the individual. This is represented in various discussions where the self is indentified with Prana or Akasa or sometimes with Vedic gods such as Surya, Soma, and Indira. Many of the Vedic terms are used synonymously to denote this new Upanisadic concept of atman. But all these synonymous terms are brushed aside as inadequate. Brahma is identified as the principle of Cetana or the ground of consciousness which manifests in various forms of activities. That is the truth revealed by Ajatasatru. That is the truth learned by Narada from Sanatkumara. That again is the teaching of the celebrated Yagnavalkya. Brahma is consciousness or Cetana plus something more than that. Hence it cannot be identified with any particular aspect of experience. He being the knower cannot be one of the known. He is within the heart of man and yet has his

है, वही अवस्था अपने शरीर की भी है। लेकिन अशरीर अमर्त्य जीवन ब्रह्म है, वही जीवन है। उपनिषद् के शेष भाग में याज्ञवल्क्य यज्ञ को लाक्षणिक अर्थ देकर उसका प्रतीक रूप से समर्थन करता है। वेदों की देवता भेद की कल्पना को वह ब्रह्म की परम कल्पना से एकत्व दिखाने की कोशिश करता है। उपनिषद् के इस भाग में पारपरिक वैदिक संस्कृति से आत्मविद्या मिलाने की कोशिश है। ऐसा लगता है कि यह अभिनव तात्त्विक सिद्धांत स्वीकारते हुए भी याज्ञवल्क्य पारपरिक वैदिक कर्मकांड से अपने को छुडाने के लिए तैयार नहीं था। यह भी कहा जा सकता है कि शायद याज्ञवल्क्य कुरुपांचाल के सनातन ब्राह्मणों में नहीं था, जिस से सनातन ब्राह्मण उसे सशय से देखते थे। यह बात इकल्य और याज्ञवल्क्य के संवाद में अति स्पष्ट है। इकल्य याज्ञवल्क्य के कुरुपाचाल ब्राह्मणो के निर्देश पर क्रुद्ध होकर तीक्ष्ण जवाब देता है कि 'जो तुम कुरुपाचाल के ब्राह्मणों को कम मानते हो, तो तुम किस ब्राह्मण को जानते हो?' इस पूरे उपनिषद् मे याज्ञवल्क्य यज्ञों में उपनिषदों की वही सारी प्रवृत्तियां, वही सिद्धात हैं यह सिद्ध करने के लिए हर साधन का सहारा लेता है।

उपनिषत्कालीन सामान्य प्रवृत्तियां

महत्त्वपूर्ण उपनिषदों के अध्ययन से उस काल की कुछ लाक्षणिक प्रवृत्तिया सामने आती है। सबसे प्रसिद्ध कल्पना है ब्रह्म की, जो विश्व का और प्राणिमात्र का अतिम तत्त्व है। ब्रह्म बहुत–सी चर्चाओ मे आता है, जहां पर आत्मा का एकत्व प्राण से, या आकाश से, या कभी–कभी सूर्य, सोम, इद्र जैसे वैदिक देवताओं से मिलता है। 'उपनिषदों की इस नवीन आत्म कल्पना को व्यक्त करने के लिए समानार्थक रूप में कुछ वैदिक शब्दो का उपयोग किया गया है लेकिन ये सब समानार्थक सज्ञाए अपर्याप्त मानकर एक ओर रख दी गई है। ब्रह्म का एकत्व चेतना तत्त्व से या संवेदना के अधिष्ठान से किया गया है, जो अनेक क्रिया रूपो मे आविष्कृत होता है। अजातशत्रु ने इसी सत्य को प्रकट किया। यही सत्य नारद ने सनत्कुमार से सुना, और फिर वही प्रसिद्ध याज्ञवल्क्य का उपदेश है। ब्रह्म चेतना तो है इससे अधिक भी कुछ है। इसलिए अनुभव के किसी भी विशेष भाग से उसका तादात्म्य नहीं माना जा सकता।

abode in far off Heaven. He is neither the sun nor the moon of the vedic thought but he is the Pursusa. He is quite near us and yet not seen by us. He is within us and yet illuminates things outside of us. This is the message of the Upanisadic thinkers. The identity between Brahma as the cosmic principle and atman as individual personality is generally acknowledged by all the Upanisads. Is the identity contemplated here of the nature of absolute identity? Is it one or many? Are the objects of the world real or illusory ? Is there existence besides the Self ? These are some of the questions for which we have no unanimous answer. Some Passages in the Upanisads emphasize the identity of he Brahma and the individual whereas many of the important passages tend towards pantheism. Everything in the universe is maintained and sustained by the Brahma. This Upanisadic pantheism does not contemplate the unreality of the external world. The process of evolution, the birth and growth of the world from this spiritual principle according the this Pantheism is compared to the spinning of cobwebs by the spider. Besides this, pantheistic tendency there is also a clear idealistic note sounded by Yagnavalkya. His doctrine (Brahadaranyaka Upanisada) may be taken as the basis of Advaita. According to Brahadaranyaka the Brahma is shown to be the transcendental Identity beyond the knower and the known. Hence it is metempirical and beyond consciousness. He is to be described only by negatives because no category of our experience can truly explain this transcendental Idea. Besides this advaitic attitude there are also symptoms of theistic tendency. Brahma is spoken as indentical with Rudra and Vishnu.He is spoken of as the creator and sustainer of the Universe. The individuals are to look up to him for spiritual guidance and help and for final emancipation from Samsara. Besides these general tendencies there are other characteristics of the Upanisadic Age.

(I) The Upanisads are mainly antiritualistic. Since they are antiritualistic they are in a sense anti-Vedic also. Internal evidence indicates that the new thought had its origin mainly among the Rajarisis.

ज्ञाता होने से ज्ञान भाग नहीं है। वह मनुष्य के हृदय में है और फिर भी उसका बिवास दूर के स्वर्ग में है। वैदिक विचारों में से चंद्र या सूर्य वह नहीं है। वह पुरूष है। अपने बहुत निकट है फिर भी दिखता नहीं। वह अपने अंदर है, फिर भी बाहर की वस्तुओं को प्रकाशित करता है। यही उपनिषदों के विचारकों का संदेश है। विश्वात्मक तत्त्वरूप ब्रह्म और विशेष व्यक्तित्वरूप आत्मा इन दोनो का तादात्म्य साधारणतः सब उपनिषदों में माना गया है। यह तादात्म्य पूर्ण तादात्म्य के रूपमें माना गया है? वह एक है या बहुरूप? जगत के पदार्थ सत्य हैं या मिथ्या? आत्मा के सिवाय और किसी का अस्तित्व है क्या? ये कुछ प्रश्न है जिनका सर्वमान्य उत्तर हमारे पास नही है। उपनिषदों मे कुछ जगह व्यक्ति और ब्रह्म के तादात्म्य पर जोर दिया गया है तो दूसरे बहुत से महत्त्वपूर्ण उदाहरणों में अनेक देववाद की तरफ प्रवृत्ति है। विश्व में प्रत्येक वस्तु का आधार और पोषण ब्रह्म से होता है। उपनिषदो का यह अनेक देववाद बाह्य विश्व का असत्यत्व नहीं सोचता। इस जगत् की विकास प्रक्रिया, जन्म और वर्धन आत्मतत्त्व से अनेक देववाद के अनुसार मकोडे के जाल बुनने से तुलनीय है। अनेक देववाद के अलावा याज्ञवल्क्य ने एक स्पष्ट तात्त्विक विचार जाहिर किया है। उसका सिद्धांत अद्वैत का आधार माना जा सकता है। बृहदारणयक के अनुसार ब्रह्म ज्ञाता और ज्ञान के परे अलौकिक वस्तु है। अत. वह अनुभव और चेतना के परे है। उसका वर्णन केवल नकारो से हो सकता है। कोई भी अनुभव पूरी तरह इस अलौकिक कल्पना का विवरण नही कर सकता। इस अद्वैत विचारधारा के अलावा कुछ देवतावाद की तरफ प्रवृत्ति के लक्षण दिखाई देते है। ब्रह्म का तादात्म्य रूद्र और विष्णु से बताया गया है। वह विश्व का स्रष्टा और पोषणकर्त्ता है। मनुष्यों को उसे आत्मिक मार्गदर्शन और साहाय्य, के लिए देखना चाहिए, तथा ससार से अतिम मुक्ति के उद्देश्य से उसकी उपासना करनी चाहिए। इन सामान्य प्रवृत्तियों के अलावा उपनिषत्काल के दूसरे कुछ लक्षण है।

(1) उपनिषद् प्राधान्येन कर्मकाड के विरूद्ध है। इसलिए एक प्रकारसे वेदविरूद्ध भी हैं। इस नवीन विचार का उद्गम प्राधान्येन राजर्षियो में हुआ यह आंतरिक प्रमाण से सूचित होता है।

(II) Asceticism and the practice of Yoga seems to be the characteristic institution of the Upanisadic age. The practical course of realising the Brahma contemplated by the Upanisads involves an elaborate process of self-discipline. As against the older forms of fire sacrifice the Upanisads contemplate a new kind of sacrifice. Sacrificing one's own attractions towards the world. "These two are unending immortal oblations referring to the sacrifice of speech and other sense-qualities. Whether waking or sleeping one is sacrificing continuously uninterruptedly. Now whatever other oblations there are they are limited, for they consist of works_Karma maya. Knowing this very thing verily indeed the ancients did not sacrifice the agnihotra sacrifice" (Kausitaka Upanisada II Adhyaya). This passage indicates that Yoga or Tapas is considered as an ancient institution and has taken the place of the traditional agnihotra about the time of the Upanisads. This is further strengthened by circusmstantial evidence that the Upanisadic age must be of very long duration comprehending within itself an earlier conflict between antiritualism and ritualism and a later attempted reconciliation of some sort. Asceticism of the type of spiritual agnihotra must necessarily imply what is elsewhere called the other-worldliness. The concrete of our everyday life is associated with evil and suffering. The goal of life is emancipation from samsaric cycle. The means of attaining this goal consists in eradicating all desires by performing Tapas. All that is of the nature of evil in Life must be burned in the spiritual fire of the Atman. This is the path of self-realisation. Instead of he sacrifice of various animals to realise the aim of one's life one has to offer one's own desires as the sacrificial victim in his higher agnihotra. The Yagakunda of the Upanisadic age is in the very heart of one's own self. It is a sort of crucifying the old Adam in man for the glorification of the new one. Thus we have in this age of theosophic widsom all the terms of a later systematic philosophy. Here we are able to trace the Vedantic idealism as well as the Samkhyan realism. Here we find the traces of all theistic tendencies in India. We have als in the same age the ground of the intellectual condtion that ultimately developed into the religion of peace and harmony which preached the glory of renunciation. Max Muller says, "The Upanisads are to my mind the

(2) तपश्चर्या और योगाभ्यास उपनिषत्काल की संस्थाओं के प्रमुख लक्षण ही है। उपनिषदों ने ब्रह्मसाक्षात्कार के लिए जिस व्यावहारिक मार्ग का आलोचन किया है, उसमे एक आत्मसंयम की श्रमिक प्रक्रिया गूथी है। अग्नि मे आहुति देने के पूर्वकाल के जो अनेक संकेत हैं, उसके लिए उपनिषद् एक नये यज्ञ–प्रकार का चिंतन देते हैं। वह है जगत् के विविध आकर्षणों को त्यागना। "वाणी और दूसरे इद्रियगुणो की ये दो अतहीन अमर आहूतियां हैं। आदमी जाग्रदावस्था मे हो या निद्रावस्था में, हमेशा बिना व्यवधान के आहूति देता ही रहता है। जो भी दूसरी आहूतियां हैं वे सीमित है, क्योकि वे कर्म से/माया से बनती हैं। यही जानते हुए पूर्वजों ने अग्निहोत्र का यज्ञ नहीं किया।" (कौशीतक उपनिषद्/द्वितीयाध्याय)। इससे सूचित होता है कि योग या तपस् पुरानी सस्था मानी गई है और उसने उपनिषत्काल के आसपास पारंपरिक अग्निहोत्र का स्थान ले लिया है। यह बात परिस्थितिजन्य साक्ष्य से और गहरी होती है कि उपनिषत्काल बहुत लंबा हुआ होगा जिसमें कर्मकांड और उसके विरोध मे पुराना सघर्ष और किसी तरह उत्तरकालीन समन्वय का प्रयत्न निहित है। तात्त्विक अग्निहोत्र प्रकार की तपश्चर्या का मतलब पारलौकिकता से होना चाहिए। हमारे दैनिक जीवन का प्रत्यक्ष अशुभ और दु:ख से जुडा है। जीवन का ध्येय ससार चक्र से मुक्ति पाना है। इस ध्येय को पाने का साधन तपश्चर्या द्वारा इच्छाओ का विनाश है। जीवन मे दु:खरूप जो जो चीज है वह आत्मा की तात्त्विक अग्नि मे जल जाना चाहिए। यही आत्मसाक्षात्कार का मार्ग है। जीवन का ध्येय पाने के लिए प्राणियों को बलि चढाने के बजाए उच्च दर्जे के अग्निहोत्र मे अपनी ही इच्छाओं की यज्ञबलि देनी चाहिए। उपनिषत्काल का यज्ञकुड अपने आत्मा के हृदय में ही है। हृदय में रहनेवाले पुराने इच्छारूप पुरुष को नए रूप में उदात्त बनाने के लिए बलि देने का ही यह एक प्रकार है। इस तरह इस धर्मज्ञान के युग में हमे उत्तरकालीन सब दर्शनों की संज्ञाए मिलती है। यहा पर हमें वेदात का कल्पनावाद और सांख्य का प्रत्यक्षवाद दोनों दिखाई देते हैं। भारत की देवतावाद की सब प्रवृत्तियां हमें मिलती हैं। इसी युग में हमें उस बौद्धिक परिस्थिति की भूमिका मिलती है, जो अत में संन्यास का महत्त्व बताने वाले शांति और समन्वय के

germs of Buddhism while Buddhism is in many respects the doctrine of the Upanisads carried out to its last consequences. The doctrine of the highest goal of Vedanta, the Knowledge of the true self is no more than the Buddhism the common property of the Sangha fraternity open alike to the young and old, to the Brahmana and the Sudra the rich and the poor, the literate and the illiterate". In the Upanisads we have the germs of all the philosophical system not only to the Vedic and the orthodox but also those religiophilosophical systems which are non-vedic such as Jainism and Buddhism. We may repeat our statement that it was an age of general philosophical outbursts in which there were several tendencies with multifarious characteristics. Crystalisation of these tendencies and forces ultimately resulted in the rise of several systems of Philosophy which adorned the succeeding period.

THE RUDIMENTS OR UPANISADIC THOUGHT IN THE SAMHITAS AND THE BRAHMANAS

Upanisadic literature practically forms a part of Vedic literature in general. Thus it is a part of Sruti as opposed to Smrti. When we spoke about the various Brahmanas we saw what these Brahmanas treated about. The Brahmanas are associated with different Vedic groups, i.e., we have the Brahmanas belonging to Rg, Yajur and so on. Thus we have the mantras or the sacrificial hymns contituting the Samhita portion of a particular Veda followed by the Brahmanas which explain the sacrifical procedure. These Brahmanas contain what are known as aranyakas or forest--treatises and Upanisads, a fort of Philosofical discourse. These Upanisads contitute the last of the sruti or Vedic literature. Hence they are sometimes known as Vedant, the last of the Vedas which name was specialised to represent a particular school of Philosophy later on. Now we have to consider this third stage of Vedic literature known as the Upanisadic literature. It is here we have the origin of genuine philosophy. There are two fundamental conceptions implicitly present throughout the early vedic literature which finally become the central ideas in the Upanisads. These are ataman and Brahman. Atman is derived from a Samskrit root meaning Breath, It implies soul or spirit of the individual and indirectly of the universe as well. In a verse of the Rg Veda it is used

धर्म के रूप में विकसित हुई। मैक्स्म्यूलर ने कहा है, "मुझे लगता है कि उपनिषदों में बौद्धधर्म के बीज हैं, और बौद्धधर्म में कई दृष्टिओं से उपनिषदों का सिद्धांत अंतिम परिणाम तक पहुंचा है। वेदांत के परम ध्येय का सिद्धांत याने आत्मा का यथार्थ ज्ञान बौद्धों से अधिक नहीं है, जो संघ की समान संपत्ति है। वह संपत्ति तरुण–वृद्ध, ब्राह्मण–शूद्र, धनिक–दरिद्र, साक्षर–निरक्षर सबके लिए ही समान है।" उपनिषदों में वैदिक और सनातन सभी प्रकार की तत्त्वज्ञान–पद्धतिओं के अलावा जैनधर्म और बौद्धधर्म जैसे अवैदिक धर्मतत्त्वज्ञान की पद्धतियो के भी बीज हैं। इस कथन को हम पुनः एकबार दुहरा सकते हैं कि यह युग सामान्यतः तात्त्विक परिस्फोट का है, जिसकी कई प्रवृत्तिओं में अनेक विश्व लक्षण हैं। इन प्रवृत्तिओं का और ऊर्जाओं का स्थिरीकरण उत्तर काल में भूषणभूत अनेक दर्शनों के उद्‌य में परिणत हुआ।

संहिता-ब्राह्मणों में उपनिषद् के विचारों के मूलतत्त्व

The term Jainism which means faith of a Jaina is derived from the word Jina which means the conqueror or the victorious. Jina means who conquers the five senses, destroys all the karmas, and attains of Omniscience or Sarvajnahood. The person who performs tapas or yoga attains such a self-realisation and omniscient knowledge or kevala jnana. After attaining self-realisation and after acquiring Omniscience, the Jina spends the rest of his time in Dharmaprabhavana or preaching the Dharma to the mass of human beings. Not satisfied with his own self-realisation, he engages himself in the noble task of helping his fellowbeings with his message of Dharma which would enable the ordinary mortals to reach the *summum bonum* of life and attain the same spiritual status of perfection which he himself has acquired. Because of this noble task of showing the path of spiritual realisation or Moksamarga, Jina is also called Tirthankara. This term Tirthankara means one who helps human beings to cross the ocean of Samsara by providing them with a vessel to sail within the form of Dharma. Jinadharma is the boat which is provided for the human beings for the purpose of crossing the ocean of Samsara and because of this noble task of helping the mankind Jina is also called Tirthankara. The divine personality Jina, who by his act of benevolence is called Tirthankara is therefore called Arhanta which means one worthy of adoration and worship. Arhat Paramesthi is therefore

वैदिक क्रियाकाण्ड को जीवित रखता है। शंकर ने इन सभी मार्गों को पूरा करने का प्रयत्न किया है ब्रह्म से निम्नश्रेणी के काल्पनिक देव को स्थापित कर। यह देव व्यावहारिक और सापेक्ष दृष्टि से यथार्थ है भले ही वह अपनी निर्जीवता को छिपा न सके। साधारण व्यक्ति उसकी पारम्परिक पूजा जारी रख सकता है परम्परावादी वैदिक वर्ग अपना यज्ञ कर सकता है इस आशय के साथ कि उनके ईश्वर मे भक्ति और पूजा का विषय है। इस विषय में शंकर मीमासकों से सीख लेते हुए दिखते हैं जिन्होंने ईश्वर विचार का खण्डन किया पर साथ ही पूजा और यज्ञ की फलोत्पादकता को स्वीकार किया। शकर मीमासक आचार्य कुमारिल से सहमत हैं और इसलिए उन्होंने क्रियाकाण्ड को अस्वीकार नहीं किया। ह्यूम मे भी यह समानता दिखाई देती है।

जैनधर्म, उसका समय और सिद्धान्त

जैनधर्म जैन होने मे विश्वास करता है। यह जैन शब्द जिन् धातु से निष्पन्न हुआ है जिसका अर्थ है जीतने वाला अर्थात् जिन का तात्पर्य है जिसने पचेन्द्रियो पर विजय प्राप्त कर ली है, कर्मों को नष्ट कर लिया है और सर्वज्ञत्व को उपलब्ध कर लिया है। जो व्यक्ति सच्चा तपस्वी और योगी होता है वही इस कैवल्य अवस्था को प्राप्त कर पाता है। स्वसवेद्यज्ञान और सर्वज्ञत्व को प्राप्त करने के बाद केवली अपना शेष समय जन समाज को धर्मोपदेश में लगाते है। वे स्वयं सर्वज्ञ हो जाने से संतुष्ट नहीं होते बल्कि दूसरो को उसी तरह सर्वज्ञ बन जाने में मदद करते हैं और मोक्षमार्ग तक पहुचाने में सहायक सिद्ध होते है। जिन को तीर्थंकर भी कहा जाता है। तीर्थंकर का अर्थ है वह व्यक्तित्व जो संसारी प्राणियों को धर्म रूपी जहाज से ससार रूपी समुद्र को पार कराए। जिनधर्म वस्तुतः एक नौका है जो संसार–सागर को पार कराने के लिए संसारी प्राणी के हाथ सौपी गई है। संसारी प्राणी को इस दृष्टि से सहायक होने के कारण जिन को तीर्थंकर कहा जाता है। दैवी और उदार व्यक्तित्व के कारण तीर्थंकर को अर्हत भी कहा जाता है इसीलिए वह अर्हत् परमेष्ठी के रूप में जैनों द्वारा पूज्य है।

the Lord worshipped by all the Jains. He is represented by a pratibimba or image which is installed in a Caityalaya or a Jain temple built for the purpose. The pratibimba is always of the form of a human being because it represents the Jina or the Tirthankara who spent the last portion of his life on earth in the noble task of proclaiming to the world Moksamarga or the path to salvation. The idol will be either in a standing posture or kayotsarga or in the posture of Padmasana-sitting--technically called Palyankasana. Whether standing or sitting it represents the divine Lord absorbed in the self-realisation as a result of Tapas or Yoga. Therefore the facial expression would reveal the intrinsic spiritual bliss as a result of self-realisation. People who worship the Jina in this form installed in Jinalaya or the Jain temple and who follow the religious tenets proclaimed by the Jina are called the jainas and their religion is Jainism.

The same faith is also designated by the term Arhatamata, which means religion followed by Arhatas or Jainas, since the term Arhata means one who follows the religion of the Arhat Paramesti. The terms Jina, Tirthankara and Arhat Paramesthi all refer to the divine person or Sarvajna who lived in the world with his body, and it refers to the period after attaining Sarvajnahood or Omniscience and the last period of the parinirvana, when the body is cast away and the self resumes its own intrinsic pure spiritual nature and it becomes Paramatma or Siddha. This is the last stage of spiritual development and is identical with the Self completely liberated or Muktajiva or the Self which attained Mokas. This Siddhaparamesthi is identical with the Vedantic coneption of Parabrahma or Paramatma which terms are also used by the Jaina thinkers. This Siddhasvarupa or Paramatma Svarupa is without body--Asarira, and without form--Arupa. Hence its nature can be understood only by yogic contemplation for which the individual must be fit and highly qualified. Ordinary people who are not endowed with the capacity of realising the natureof the pure self Paramatma or Siddha Paramesthi whose pratibimba is installed in Jaina temples for the worship by the ordinary householder. This practice prescribed a mode of worship for the ordinary people who were expected to concentrate their attention on the image of Jina or Arhat Paramesthi corresponds to the Vedantic attitude, which while recognising that the highest state of spiritual development is represented by the Parabrahma, provides for the ordinary man something lower than this as the object of worship, or what is called the popular or vyavaharika point of view. As a matter of fact, it may be said without contradiction that this distinction between vyavaharika and paramarthika points of view was adopted

पूजा की दृष्टि से चैत्यालय या जैन मंदिर में उसका प्रतिबिम्ब (मूर्ति) प्रतिष्ठित किया जाता है। यह प्रतिबिम्ब मानवीय आकृति का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि जिन बनकर अपने जीवन के अन्तिम क्षणों को उन्होंने जनकल्याण के लिए लगाया और सारे संसार के लिए मोक्ष का मार्ग दिखाया। यह मूर्ति या तो कायोत्सर्ग मुद्रा में रहेगी या पद्मासन या पर्यंकासन में रहेगी। ये दोनों आसनें तीर्थंकर के स्वसंवेद्यमयी तप या योग की ओर संकेत करती हैं। इसलिए उस मूर्ति से अध्यात्म भावना झरती है। जो व्यक्ति ऐसे जिन की पूजा करते हैं या उनके द्वारा उपदिष्ट धर्म का यथार्थ पालन करते हैं वे जैन कहलाते हैं। और उनका धर्म जैनधर्म कहलाता है।

इसी जैनधर्म को आर्हतमत भी कहा जाता है। जिसका अर्थ है ऐसा धर्म जो अर्हतों द्वारा सेव्य है और आर्हत् का अर्थ है अर्हत् परमेष्ठी के धर्म का पालन करने वाला। जिन, तीर्थंकर और अर्हत् परमेष्ठी शब्द सर्वज्ञ के पर्यायवाची हैं। सर्वज्ञ वह है जो कैवल्यावस्था प्राप्त होने के बाद इस संसार में उसी शरीर में रहता है, और शुद्ध आध्यात्मिक अवस्था मे रहता हुआ परमात्मा या सिद्ध बन जाता है। यह मुक्त जीव की अन्तिम अवस्था है जहां वह मोक्ष प्राप्त कर लेता है यह सिद्धावस्था वेदान्तियों के परब्रह्म या परमात्म अवस्था से मेल खाती है। जैनो ने भी इन शब्दों का प्रयोग किया है। सिद्ध स्वरूप परमात्मा अशरीरी होता है, निराकार और अरूपी होता है। फलतः उसका स्वरूप यौगिक ध्यान के माध्यम से ही समझा जा सकता है। इसके लिए उसमें साधक के पूरे गुणों का होना एक अनिवार्य शर्त है। साधारण व्यक्ति उसके इस परमात्म स्वरूप को नहीं समझ सकता है। उसी को समझने के लिए जैन मंदिर में जिन मूर्ति की प्रतिष्ठा की जाती है। यह प्रतिष्ठा उस वेदान्तिक सिद्धान्त से समानता रखती है जो परब्रह्म को आध्यात्मिक विकास की पूर्वतम अवस्था की ओर संकेत करती है और व्यावहारिक दृष्टि से सर्वसाधारण जनता के लिए उसकी इस अवस्था सी निम्नतर अवस्था को पूजा के लिए छोड़ देती है। तथ्यतः यह कहा जा सकता है बिना किसी विरोध के, कि वव्यावहारिक और पारमार्थिक स्वरूप के बीच महान् व्याख्याकार शंकर ने यह अन्तर जैन आचार्य कुन्दकुन्द

by the great commentator Sankara who took the suggestion from the earlier Jaina thinkers, especially Sri Kunda Kunda. This term Siddha, since it implies the complete destruction of all the karmas which enshrowds the intrinsic purity of the self is also called Nirgrantha, who is devoid of all attachment. The term Kandazhi which occurs in the Tamil work Tholkpya means the same thing as Siddha or the self which is completely liberated from all the shackles of karmas. Though the temple-worship is associated with Arhat Paramesthi or Tirthankars, Jainas have not forgotten the fact that the Siddha represents the highest spiritual development. Hence the practice of silent salutation, Namah Siddhebhyah or Siddhan Namah is a common practice among Jains whenever they begin any good work either literary or of ordinary kind. Probably this practice of beginning with adoration of Siddhan Namah or Namah Siddebhyah was prevalent among the non-Jainas also especially in South India where the people when they begin their daily work in school are taught to start with this salutation Siddhan Namah.

The Age of Jainism:--There is a good deal of incorrect views prevalent among even educated people as to the age of Jainism. It is an unfortunate fact that Indians had to learn their history from foreign scholars. Foreign writers with incorrect and insufficient knowledge of the Indian historical background wrote textbooks on Indian history which provided the historic information to Indian student in schools. These history text-books were mainly responsible for a good deal of erroneous views prevalent among the educated Indians as to the past history of their land. One of these deplorable errors is the view that Jainism is an off-shoot of Buddhism and Hinduism. This error we are glad to say is no more prevalent among the oriental scholars both in the West and East though the error persists among the educated Indians whose knowledge of history is not uptodate. The origin of this error is to be found in the fact that the founder of Buddhism Gautama Sakyamuni and Mahavira Vardhamana the last of the Jaina Tirthankaras were contemporaries. Buddhistic literature contains references to Mahavira and his followers, and similarly Jains literature composed at the time of Mahavira contains cross references to the Buddha and his religion. Persons who studied first the Buddhist literature and who had no knowledge of Jaina scripture come to the hasty conclusion that Jainism must have been a branch of Buddhism. Later on when oriental scholars came to study the subject they corrected their erroneous views and were

क ग्रन्थो से समझा है। सिद्ध शब्द उस निर्ग्रन्थ अवस्था का सूचक है जहा अष्ट कर्मों का पूर्णतः विनाश हो जाता है और आत्मा की पवित्रतम अवस्था प्रगट हो जाती है। तमिल ग्रन्थ थोलकप्य (Tholkpya) में एक 'कन्दझी' (Kandazhi) शब्द आता है जो सिद्ध के अर्थ से बिलकुल मिलता–जुलता है। यद्यपि अर्हत् परमेष्ठी की पूजा की जाती है, पर जैन इस तथ्य को नहीं भूलते कि सिद्धावस्था सर्वोच्च अवस्था है आध्यात्मिक विकास की। इसलिए जैनो मे 'नमःसिद्धेभ्यः' अथवा "सिद्धं नमः," का बडा प्रचलन है। किसी भी कार्य के प्रारभ करने के पूर्व इनका उच्चारण किया जाता है। दक्षिण भारत में विशेषतः अजैनों के बीच भी यह प्रथा प्रचलित है। किसी भी कार्य को शुरू करने वे पहले के 'सिद्ध नमः' कहना नही भूलते।

जैनधर्म का समय

जैनधर्म की प्राचीनता के सदर्भ मे विद्वानो के बीच भी बडी भ्रान्तियां फैली हुई है। यह हमारा दुर्भाग्य है, कि हम भारतीयो को अपना इतिहास विदेशी विद्वानो से सीखना पड़ रहा है। विदेशी लेखक भारतीय इतिहास की पृष्ठ भूमि को बिना ठीक तरह से समझे भारतीय इतिहास पर पाठ्य ग्रन्थ लिख देते हैं जो विद्यालयो मे भारतीय विद्यार्थियो को पढाये जाते है। ये पाठ्य ग्रन्थ ऐसी भूलो से भरे हुए है जो हमारे भारतीय विद्वानों को भी उनकी अपनी मातृभूमि के इतिहास के बारे मे अज्ञात है। ऐसी भूलो मे एक ऐसी भी भूल है कि जैनधर्म बौद्धधर्म या हिन्दूधर्म की एक शाखा है। यह भूल, प्रसन्नता है, अब देशी–विदेशी प्राच्य विद्वानों के बीच समाप्त हो चुकी है, यद्यपि वह अभी कतिपय ऐसे शिक्षित भारतीय विद्वानों के मन में घर किए हुए हैं जिन्हे अपने इतिहास की पूरी जानकारी नहीं है। इस भूल का मूल कारण दिखाई देता है इस तथ्य में कि गौतम शाक्यमुनि और अन्तिम तीर्थंकर महावीर समकालीन थे। बौद्ध साहित्य मे, विशेषतः पालि साहित्य मे तीर्थंकर महावीर और उनके अनुयायियो के बारे में पर्याप्त उल्लेख मिलते है। इसी तरह उसी समय के जैन आगम साहित्य में महात्मा बुद्ध और उनके अनुयायियों के बारे में भी उल्लेख उपलब्ध होते हैं। जिन लोगों ने मात्र बौद्ध साहित्य का अध्ययन किया

constrained to call that Jainsim must have been earlier than Buddhism. As a matterof fact, the Buddha was a younger contemporary of Lord Mahavira. The Buddha himself in his conversation with his friend and disciple Sariputta, narrates the fact that he himself in his earlier days was adopting Jaina practice of austerity which he had to give up because of the rigorous discipline which he did not like. The date of Mahavira's parinirvana, 527 B.C. is accepted as a land-mark in the history of India. According to Cambridge History of India, the 23rd Tirthankara, Lord Parsva who lived 220 years prior to Lord Mahavira is also considered a historical personage. According to the view Jainism must have been prevalent in India nearly three centuries prior to Gautama Buddha, the founder of Buddhism. Though writers of Cambridge history of India did not go beyond Lord Parsva, we may point out the fact that Jainism was in existence even prior to this period. The Tirthankara prior to Lord Parsva, the 22nd Tirthankara, according to the Jaina tradition is Lord Aristanemi, who is said to have attained his Nirvana on the Mount Girnar in Junagadha State, which is a place for pilgrimage for the present day Jainas. This Aristanemi was a cousin of Sri Krsna of Mahabharata fame and the name Aristanemi occurs in Vedic literature as one of the great Rsis. This Jaina tradition circumstantially supported by non-Jaina Vedic literature may also be accepted as having some historical basis. If sir Krsna of Mahabharata var is accepted as having some historical basis then we have to accept the history of Aristanemi also. According to the Jaina tradition, there were twenty-four Tirthankaras beginning with Lord Vrsabha and ending with Mahavira Vardhamana. Of these the last three may be taken to be personalities of the historic period. The rest are persons of prehistoric age and we need not trouble ourselves about their history till we know something more than merely tradition. The first of these Tirthankara Lord Vrasbha who is considered by the Jainas to be responsible for revealing Ahimsa Dharma for the first time to the world seems to be a very interesting personality. According to the Jaina tradition, he was a hero of the Iksvaku family. His father was Nabi Maharaja, the last of the Manus and his mother Marudevi. Vrsabha's period represents a complete change of World conditions. Prior to this the country was called Bhoga Bhumi where the people were satisfied with all their wants by the mere wish through the help of the traditional kalpakavrksa. During the time of Lord Rsabha these happy conditions completely disappeared and the people were in a perplexity as to the way of life which they were expected

है और जिन्होंने जैन आगम साहित्य को नहीं देखा उन्होंने शीघ्रता में यह निर्णय कर लिया कि जैनधर्म बौद्धधर्म की एक शाखा है। बाद में जब प्राच्य विद्वानों ने इस विषय का गहराई से अध्ययन किया तो वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि जैनधर्म बौद्धधर्म से निश्चित ही प्राचीनतर है। वास्तविकता तो यह है कि बुद्ध महावीर से अवस्था में छोटे थे। बुद्ध स्वयं अपने मित्र और शिष्य सारिपुत्र से बात-चीत के दौरान यह कहते हुए दिखते हैं कि बोधि प्राप्त करने से पूर्व वे खुद जैनधर्म में दीक्षित हुए पर उसकी कठोर तपस्या उन्हे सन्तुष्ट नहीं कर पाई। महावीर की परिनिर्वाण तिथि आज 527 ई०पू० सर्व सम्मत हो चुकी है। केम्ब्रिज हिस्ट्री आफ इण्डिया के अनुसार तीर्थंकर पार्श्वनाथ महावीर भगवान के 220 वर्ष पूर्व एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व के रूप मे हुए थे। तदनुसार जैन धर्म बौद्ध धर्म के सस्थापक तथागत बुद्ध के लगभग 300 वर्ष पूर्व तो प्रचलित था ही। यद्यपि केम्ब्रिज हिस्ट्रीआफ इण्डिया के लेखकों ने पार्श्वनाथ के पूर्व के इतिहास की ओर नहीं झाका, पर हम यह कह सकते हैं कि जैनधर्म पार्श्वनाथ के पूर्व भी अस्तित्व में था। पार्श्वनार्थ के पूर्व, जैन परम्परानुसार बाईसवे तीर्थंकर अरिष्टनेमि हुए जिन्होंने गिरिनार शिखर (जूनागढ, गुजरात) पर निर्वाण प्राप्त किया। आज भी जैनों के लिए यह एक महत्त्वपूर्ण तीर्थक्षेत्र है। यही अरिष्टनेमि महाभारत के भगवान् कृष्ण के चचेरे भाई थे और वैदिक साहित्य में इन्हीं को एक महर्षि के रूप में समान्य स्थान दिया गया है। जैनों की इस परम्परा को वैदिक साहित्य ने भी स्वीकारा है जिसमें कुछ ऐतिहासिक तथ्य है। यदि महाभारत के श्रीकृष्ण युद्ध को ऐतिहासिक माना जाता है तो फिर अरिष्टनेमि के इतिहास को भी हमें स्वीकार करना पडेगा। जैन परम्परानुसार चौबीस तीर्थंकर हुए है जिनमे ऋषभदेव प्रथम और वर्धमान महावीर अन्तिम माने जाते है। उनमे अन्तिम तीन तो निश्चित रूप से ऐतिहासिक व्यक्तित्व के रूप मे स्वीकार किए जा सकते हैं। शेष प्राक् इतिहासकालीन माने जा सकते हैं। तब तक हमें यही मानना पडेगा जब तक जैन परम्परा से अधिक जानकारी हमारे हाथ नही आ जाती। आदि तीर्थंकर ऋषभदेव का बड़ा चुम्बकीय व्यक्तित्व रहा है जिन्होंने जैन परम्परा के अनुसार संसार को सर्वप्रथम अहिंसा धर्म का पाठ पढाया। वे इक्ष्वाकुवंशी थे। उनके पिता अन्तिम मनु नाभि महाराजा थे और माता थीं मरुदेवी। ऋषभदेव का समय संसार में एक अभूतपूर्व

to carry. Then they all went to Lord Rsabha praying for help. He is said to have consoled them by showing the way of life. He taught them how they could obtain food by tilling the soil, that they should take upto agriculture for the production of food, which they could obtain in plenty by their own toil in spite of the fact that the Kalpakavrksas disappeared. He taught some other people to carry his agriculture-produce to different peoples and supply to those that were in need. He again set apart a number of able-bodied men for the purpose of defence. Thus the first social organisation owes its existence to Lord Vrsabha who divided the society according to its functions into three groups, agriculturists, traders, and soldiers. After ruling over his kingdom for several years, he abdicated his throne in favour of his son, Lord Bharata and went into the forests to perform tapas. After the practice of tapas for several years he attained Kaivalyajnana or Omniscience : then he went about from place to place preaching his Ahimsa dharma to the people of the land, so that they may also have spiritual relief. Thus Lord Rsabha is known among the Jainas as Adijina, Adi Bhagavan and so on, This first Tirthankara's life is repeated verbatim also in non-Jaina Puranas, for example the Bhagavatapurana (V. skandha). The same story is repeated in the Visnupurana and the Vayupurana also. All these Hindu puranas maintain that Lord Rsabha preached the doctrine of Ahimsa after performing yoga for several years. He went about from place to place completely discarding all ornaments and clothes, and hence he was misunderstood by the people to have gone mad. The repetition of this life history of Lord Rsabha in nonJaina puranas can only be explained by the fact that at one time when the story was a common property to both Jainas and non-Jainas the hero must have been considered as worthy of worship by all.

According to Jaina tradition when Lord Rsabha attained his Nirvana in Mount Kailash, his son and the ruling emperor of the land, Lord Bharata built a temple in the place of Nirvana and installed an image of Lord Rsabha for the purpose of worship for him self as well as for the general public. This worship of Lord Rsabha's idol must have been prevalent throughout India from far-off ancient period of the Indian history. That it was so prevalent in ancient India we may infer from certain facts available in the Vedic literature. The Vedas constitute the earliest record available. They form three distinct groups, the Samhitas, the Brahmanas and the Upanisads. The Samhitas are four in number. the Rg Veda, Yajur Veda, Sama Veda and

परिवर्तन का समय था। इसके पूर्व यहां भोगभूमि थी जहां कल्पवृक्षों के माध्यम से अपनी सारी इच्छाओं की पूर्ति हो जाती थी। ऋृषभदेव के समय ही यह अवस्था समाप्त हो गई और सारी जनता एक नए जीवन की राह खोजने लगी। तब इसी प्रसंग में लोग ऋृषभदेव के पास सहायता के लिए पहुंचे। उन्होंने जीवन पद्धति बताकर उन्हें संतुष्ट किया। उन्होंने उन्हें सिखाया किस तरह कृषि करना चाहिए और जमीन जोतकर अन्न पैदा करना चाहिए। कुछ लोगो को उन्होंने व्यापार करना सिखाया और कुछ को उनके सरक्षणार्थ नियुक्त किया। इस तरह ऋृषभदेव ने सर्वप्रथम एक सामाजिक व्यवस्था दी जिसमें उसके कार्यों के अनुसार तीन श्रेणियां बताई गई–कृषक, व्यापारी और रक्षक। अनेक वर्षों तक राज्य करने के बाद उन्होने अपना राज्य भरत को सौंपा और स्वयं तप करने जगल चले गए। लगातार अनेक वर्षों तक तप करने के बाद उन्होने कैवल्यावस्था पाई। बाद मे वे लोगों के बीच गए और अहिंसा (Non-violence) धर्म का उपदेश दिया। जैनों के बीच ऋृषभदेव आदिजिन, आदि भगवान आदि के रूप मे जाने जाते है। आदि जिनदेव की जीवन गाथा जैनेतर पुराणो मे भी इसी रूप मे वर्णित है। उदाहरण के तौर पर भागवत्पुराण का पञ्चम स्कन्ध लीजिए। यही कथा विष्णुपुराण और वायुपुराण मे भी मिलती है। ये सभी वैदिक पुराण यही एक स्वर मे कहते है कि ऋृषभदेव ने अहिंसा धर्म का उपदेश दिया अनेक वर्षो तक तपस्या करने के बाद वे निर्वस्त्र होकर धर्मोपदेश करने निकले तब कुछ लोगों ने तो उन्हे पागल समझकर बड़ी भारी भूल की। जो भी हो, इतना निश्चित है कि एक समय था जब जैन और अजैन परम्परा ऋृषभदेव को समान रूप से पूज्य मानती थी।

जैन परम्परा के अनुसार तीर्थंकर ऋृषभदेव ने जब कैलाश पर्वत पर निर्वाण प्राप्त किया तब उनके पुत्र और भारतवर्ष के शासक भरत ने वहां निर्वाण स्थली पर एक मन्दिर बनवाया और उसमें ऋृषभदेव की मूर्ति प्रतिष्ठित की ताकि वह स्वय तथा अन्य सभी लोग उसकी पूजा कर सके। ऋृषभदेव की यह मूर्तिपूजा प्राचीन काल से ही लोकप्रिय रही है यह इतनी अधिक लोकप्रिय थी कि वैदिक साहित्य में भी इसके प्रमाण मिल जाते है। वैदिक साहित्य के तीन अंग हैं–संहिता, ब्राह्मण और उपनिषद्। इनमें संहितायें चार

Atharvana Veda. The Rg Veda mantras are uttered for the purpose of invoking the aid of the Vedic Gods. Indra is the most improtant of the Vedic deities. The religious life of the Aryans in the Rg Vedic period centred round the personality of Indra, the Vedic God. His aid is invoked by the Aryans of the Rg Vedic period to botain prosperity in their agriculture and also in their cattle wealth. His aid is also invoked for the purpose of destroying the enemies, the people of the land, who resisted their advance. Thus the Aryans had to encounter opposition from among the people of the land whom they considered their enemies, who strongly resisted their advance. Thus the Aryana had to encounter opposition from among the people of the land whom they considred theri enemies, whostrongly resissted their advance. Thus the Aryans had to encounter oppostition from among the people of the land whom they considered theirenemies, who strongly resited the invading Aryans. The Rg. Vedic hymns composed with such a back-ground of racial conflict furnishes us with certain interesting facts as to the life and characteristics of the people of the land who violently opposed the incoming Aryans. These hymns referred to a section of the Iksvakus or Purusa who were in existence in the land long long before the Aryans of the Rgvedic period came into the scene. These Iksvakus are recognised to be of the Aryan race and they are referred to in terms of respect and adoration. This Iksvakuvamsa otherwise called the Raghuvamsa, evidently was an important and a famous ruling dynasty of ancient India, which must have been in existence even prior to the Aryans of the Rgvedic period. That this Iksvakuvamsa was famous is borne out by the fact that most of the ancient Ksatriya families traced their origin to these Iksvakus and even the Sakya clan to which Gautama Buddha belonged claimed its origin from the Iksvakus. The heroes of this family are celebrated in Kalidasa's Raghuvamsa. According to Kalidasa, these heroes began their life in early childhood as students, then they lived their household lives, after whicn they completely renounced their worldly attachment and roamed about in the forests performing Tapas or Yoga and then finally discarded their bodies after realisation. This description in full corresponds with the life history of Lord Rsabha, the greatest hero of Iksvakus and the first revealer of Ahimsa to the world and the importance of tapas or yoga for the purpose of self-realisation. We suggest that this Rsabha cult must have been prevalent even before the advent of the Aryans and the Rg-vedic tradition. In support of this thesis we note the following facts revealed by the Vedic literature. The Aryans of the Rg Vedic period it is stated, were resisted by the people of the land who are called Dasyus. The term Dasyu is

हैं–ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। ऋग्वेद के मन्त्र वैदिक देवताओं से सहायता पाने के लिए प्रयुक्त होते है। वेदिक देवताओं में इन्द्र प्रमुख देवता हैं। ऋग्वेदिक आर्यों का धार्मिक जीवन इन्द्र के व्यक्तित्व के आसपास ही घूमता है। उन्होंने अपनी कृषि तथा पशुओं की सुरक्षा के लिए इन्द्र से भरपूर सहायता मांगी। इन्द्र से उन्हें उनके शत्रुओं के विनाश के लिए तथा आर्यों के आक्रमणों को रोकने के लिए सहायता मिली। इस प्रकार आर्यों के लिए अपने ही बीच एक अन्य समुदाय से लड़ना पड़ा जो उन्हें अपना विरोधी समझता था। ऋग्वेदिक मन्त्रो की रचना ऐसी विरोधी भूमिका मे हुई जिससे पता चलता है कि किस तरह यहां के लोगों ने आने वाले आर्यों के आक्रमणों को रोका। ऐसे लोगों में यहां के इक्ष्वाकु या पुरूष थे जो ऋग्वेदिक आर्यों के पूर्ववर्ती थे। इन इक्ष्वाकुओ को यहां आर्यों के रूप में स्वीकारा गया है बड़े सम्मान के साथ। यह इक्ष्वाकु वंश जो रघुवंश भी कहा जाता था, प्राचीन भारत का एक प्रसिद्ध शासक वंश रहा है जो ऋग्वेदिक आर्यों के पूर्व भी अस्तित्व में था। यह तथ्य इससे भी पुष्ट होता है कि प्रायः सभी प्राचीन वश अपने आपको इक्ष्वाकुवश से जोड़ते हैं, यहां तक कि भगवान बुद्ध ने भी अपनी शाक्य जाति को इक्ष्वाकुवंशी कहा है। कालिदास के रघुवश मे इस वश के शासको का अच्छा परिचय मिलता है। तदनुसार ये शासक प्रारम्भिक जीवन मे ब्रह्मचर्याश्रम (छात्र जीवन) मे रहते थे बाद मे क्रमशः गृहस्थाश्रम, सन्यासाश्रम और वानप्रस्थाश्रम धारण करते थे। यह वर्णन ऋषभदेव के जीवन इतिहास से बिलकुल मिलता–जुलता है जिन्होंने सर्वप्रथम अहिसा धर्म की व्याख्या की और अन्त में तपस्वी बनकर स्वानुभूति को जगाया। हमारी मान्यता है कि ऋषभदेव संस्कृति ऋग्वेदिक आर्यों की पूर्ववर्ती संस्कृति होनी चाहिए। इस तथ्य की पुष्टि के लिए हम वैदिक साहित्य से निम्नलिखित उद्धरण प्रस्तुत करते हैं। कहा जाता है, ऋग्वेदिक आर्यों का तीव्र विरोध यहां के मूल निवासी, जिन्हें दस्यु कहा गया है, ने किया था। दस्यु शब्द की व्याख्या कभी शत्रु के रूप में और कभी गुलाम या दास के रूप में की गई है। ये दोनों व्याख्यायें दो भिन्न अवस्थाओ की ओर संकेत करती हैं। पहली व्याख्या उस समय की है जब यहां के निवासियों ने उन आर्यों को रोका तब उन्हें शत्रु कहा गया और दूसरी व्याख्या तब की है जब वे हार गए और उन्हें

interpreted sometimes as enemy and sometimes as a slave. These two interpretations represent two different stages. First when the people of the land resisted they were called the enemies, and when the enemies were subjected after a military conquest and taken as prisoners and made to work as slaves, the same Dasyus became slaves. Facts that deserve emphasis in this connection are the descriptive terms used by the Aryans to describe these enemies, the people of the land. These Dasyus are described as Ayajna, Anindra, Avrata, Anyavrata and so on. These terms resepctively mean those that are opposed to Yajna, Indra worship, those that observe a different religious practice, and those that do not practise the religions of the Aryans. From these descriptive terms it is quite clear that the people of the land were dead against the Vedic institution of Yajna or animal sacrifice. Their opposition to the invading Aryans must therefore be due to two factors. The people of the land politically resisted the invading foreigner, and secondly because the people of the land were afraid of the fact that their culture would be destroyed by the invaders whose culture and religion were entirely different from their own. These Dasyus the people of the land, are also described to have been of dark skin and to have been speaking a different tongue. Therefore they must have been the early Dravidians who were present all over India at the time of the Aryan invasion. After describing the practice of these Dasyus in negative terms, the Vedic literature uses a very significant term to describe their religion. The early Dasyus, the enemies of the Aryans, who were opposed to Yajnas and Indra worship were worshippers of Sisnadeva. This is a very interesting revelation. European oriental scholars translate this term Sisnadeva as worshippers of Linga. The Sanskrit term Sisna is not identical with the Linga which is now worshipped by the Saivites. Sisna represents the male sex organ whereas the Linga designates both Sisna and Yoni. Hence the term Sisna cannot be interpreted in any way to mean the Linga which is a combination of Sisna and Yoni of phallic worshippers. Therefore the only interpretation that we could have is our theory that the ancient Dasyus who were the people of the land and who resisted the invading Aryans were in the habit of worshipping a nude idol as their God, which can be called consistently as Sisnadeva. If the prergvedic people of the land had for their worship a nude male image called Sisnadeva by the Aryans all the other descriptive terms may fit in with this theory if you take that this Sisnadeva worship must have been the characteristic of the Rsabha cult introduced by Lord Rsabha, the first Tirthankara, and encouraged by his son Bharata in the form of a temple-worship. The excavations of Harappa and

दास बना लिया गया। इन दस्युओं का जो वर्णन किया गया अयज्ञ, अनिन्द्र, अव्रत, अन्यव्रत आदि अभिधानों से, इनसे पता चलता है कि वे यज्ञ, इन्द्रपूजा अव्रती और अनार्यव्रत रखने वालो के घनघोर विरोधी थे। इससे यह स्पष्ट है कि दस्यु वर्ग वैदिक पशुयज्ञ का तीव्र विरोधी था। आक्रमणकारी आर्यों के विरोधी होने के मूलतः उनके दो कारण होने चाहिए। पहला यह कि इस देश के मूल निवासियों ने राजनीतिक दृष्टि से विदेशी आक्रमणकारियो को रोका। दूसरा यह कि उन्हें यह भय था, कहीं आक्रमणकारी उनकी सस्कृति को नष्ट न कर दें क्योंकि उनकी संस्कृति बिलकुल भिन्न थी। इन दस्युओं का रंग काला था और भाषा भी अलग थी। इसलिए वे प्राचीन द्रवेडियन होना चाहिए जो सारे भारतवर्ष मे आर्यों के आक्रमण के समय फैले हुए थे। दस्युओ के इस प्रकार के निषेधात्मक वर्णन के बाद वैदिक साहित्य मे उन के जो धर्म का वर्णन किया गया है वह अधिक महत्त्वपूर्ण है। वहा कहा गया है कि ये दस्यु शिश्नदेव के पूजक थे। पाश्चात्य विद्वानो ने इसका अनुवाद किया है लिगपूजक। यहा शिश्न का अर्थ वह लिग नही है जिसकी पूजा शैव मतानुयायी करते है। शिश्न पुरूष के लिग का प्रतीक है जबकि लिंग शिश्न और योनि को समाहित किए हुए है। इस लिए शिश्न की व्याख्या लिग और योनि की पूजा करने वालो के लिग से नही की जा सकती। अतः यही व्याख्या अधिक तर्क संगत है कि हमारे देश के मूल निवासी दस्यु नग्न मूर्ति के पूजक थे जिसे शिश्नदेव कहा गया है। यदि प्राक् ऋृग्वेदिक लोग जो देश के मूल निवासी थे, नग्नमूर्ति के पूजक थे तो ऋृषभदेव द्वारा वर्णित सारी सस्कृति और भरत द्वारा स्थापित मदिर पूजा भी सयुक्तिक सिद्ध हो जाती है। हड़प्पा और मोहेनजुदारो में हुई खुदाई भी हमारी प्रस्थापना को पुष्ट करती है क्योकि खुदाई मे नग्न योगी की मूर्ति मिली है जिसकी पूजा सिन्धुघाटी निवासी लोग किया करते होगे। वही उसी समय की बैल चिन्हाकित अनेक मुद्राये और मुहरे (सील्स) भी मिली हैं। इसलिए यह कहना सही होगा कि सिन्धुघाटी सस्कृति का सम्बन्ध ऋृषभदेव की उस संस्कृति से रहा होगा जो हिमालय से लेकर समूचे दक्षिण मे लका तक फैली हुई थी। कुछ समय बाद जब आक्रमणकारी आर्यों ने समूचे उत्तर भारत पर अधिकार कर लिया तब दस्युओं को दक्षिण में खदेड दिया होगा

Mohenjodaro circumstantially corroborate our theory, because among the discoveries resulting from the excavations we have nude images of a yogi considered to be idols used for worship by the people of the Indus Valley civilisation and the symbol of the bull is found in aboundance in coins and seals belonging to that period.Hence it will be consistent to maintain that the religious life of the people of the Indus Valley civilisation must have been associated with the Rsabha cult which must have been prevalent throughout the land from Himalayas down to Cape Comorin and further south in Lanka After some time when the invading Aryans completely conquered the whole of Northern India, the people of the land who are called Dasyus must have withdrawn to the south, viz., to this side of the Vindhya hills. That there must have been such a withdrawal by the people of the land to the south is corroborated by the traditional account both in Jains puranas, and Hindu puranas. According to the Jaina tradtition the Northern India was completely occupied by five Ksatriya dynasties, namely, the Iksvakuvamsa, Harivamsa, Kuruvamsa. Ugravamsa and the Nathavamsa. These five Ksatriya groups completely occupied he whole of Northern India and the people of the land who are called Vidyadharas by the Jaina tradition had to be satisfied with the peninsula to the South of the Vindhyas. These Vidyadharas are represented by two important dynasties of ruling families, one of which was more powerful to which Ravana the emperor of Lanka belonged The other group was represented by Vali. Sugriva and Hanuman. According to Jaina tradition, these Vidyadharas were highly cultured people, in fact more cultured than the rest and they were specially skilful in applied science, or Vidyas, on account of which they were called Vidyadharas. They had the privilege of travelling in air by some sort of aerial vehicles or vimanas which they were skilful enought to build for themselves. Since they were skilful people of very high culture, the ruling chiefs of the Iksvaku family very often entered into matrimonial alliances with these Vidyadhara families,in fact, the Jaina tradition mentions that Lord Rsabha himself married a Vidyadhara princess by whom he had his son Bharata, the first ruler of the land and who gave his name to the land, Bharatavarsa. These Vidyadhara rulers who were designated as Raksasas by their political enemies, Aryans, are recognised to be highly cultured by the Aryans themselves. The Jaina tradition makes these Vidyadharas followers of Rsabha cult, strictly practising Ahimsa Dharma and sternly opposed to Vedic Yajna. There is an interesting chapter in Jaina Ramayana Padmapurana of the Jainas, which narrates the life story of Sri Rama. The chapter refers to the elaborate preparations

विन्ध्य के पार। जैन और हिन्दु पुराणो मे वर्णित पारम्परिक उल्लेखो से भी यह सिद्ध होता है। जैन पुराणों के अनुसार समूचे उत्तर भारत पर इक्ष्वाकुवंश, हरिवंश, कुरुवंश, उग्रवंश, नाथवंश जैसे पांच क्षत्रिय राजवंशों का अधिकार था। इसी तरह दक्षिणवर्ती भाग विद्याधरों के अधिकार मे था। इन विद्याधरों के दो समुदाय थे एक का प्रतिनिधित्व लंकाधिपति रावण करता था तो दूसरे का वाली, सुग्रीव और हनुमान। जैन परम्परा के अनुसार ये विद्याधर अन्य दूसरो की अपेक्षा अधिक सुसस्कृत थे और एप्लाईड (व्यावहारिक) विज्ञान और विद्याओं के जानकार थे। वे आकाश मे विमानों से यात्रा करते थे। वैज्ञानिक क्षेत्र मे उनकी निपुणता को देखकर ही इक्ष्वाकुओ ने उनसे वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित किए। वस्तुत. जैन परम्परा मे तो यह भी उल्लेख मिलता है कि तीर्थंकर ऋषभदेव ने स्वय एक विद्याधर राजकुमारी से विवाह किया जिससे उनका भरत नाम का पुत्र पैदा हुआ जिसने इस देश को भारतवर्ष नाम दिया। विद्याधर जिन्हे उनके राजनीतिक शत्रु आर्यों ने राक्षस कहकर पुकारा था, को उन्ही आर्यों ने सुसस्कृत कहा। जैन परम्परा इन विद्याधरो को आदिदेव ऋषभ की अहिसा सस्कृति का अनुयायी मानती है। जैनो के पद्मपुराण, जैन रामायण मे एक आकर्षक अध्याय है जिसमे राम के जीवन का वर्णन है। इस अध्याय मे लिखा है कि एक क्षत्रिय राजा मरुथ ने वैदिक यज्ञ की तैयारी की रावण के राज्य की सीमा मे। नारद ने यह देख लिया। जैन परम्परानुसार नारद अहिसा सस्कृति का पुजारी था। उसने मरुथ को हिसक यज्ञ न करने की सलाह दी पर उसने यह सलाह नहीं मानी। नारद ने जाकर यह बात रावण से कह दी। रावण ने अपने कुछ अधिकारियो को यज्ञ की तैयारी रोकने के लिए भेजा। उनके सफल न होने पर रावण स्वय गया तब रावण से मरुथ ने कहा कि उसे तो वैदिक पुरोहितो ने ऐसा करने के लिए प्रेरित किया। रावण ने दोनो को डाटा। तब मरुथ ने प्रतिज्ञा की कि वह भविष्य मे कभी भी हिंसक यज्ञ के पक्ष में नहीं रहेगा। यह कथा यह स्पष्ट करती है कि विद्याधर अपनी सीमा में हिंसक यज्ञ करने/कराने के पक्ष मे नही थे। बाल्मीकि रामायण कथा भी यह उल्लेख करती है कि राक्षस सदैव हिंसक यज्ञो को रोकने की कोशिश में रहते थे और यज्ञ कर्त्ताओ के लिए यह आवश्यक हो जाता था कि वे,

made by one Ksatriya prince called Marutha for he purpose of of vedic sacrifice. The chapter is called Maruthayajnadhvamsa sarga. These prepations for the performance of yajna are made in the borders of Ravana's territory. Narada who happens to pass by that way observes these elaborate preparations. According the Jainas, Narada is considered to be a champion of Ahimsa. He advised the Ksatirya prince Marutha not to perform the sacrifice. Narada's advice was rejected. He then goes to Ravana straight and informs him of the vast preparations made by a Ksatriya prince quite in violation of Ahimsa. Ravana sends a few officers to stop these preparations. These officers were sent away unceremoniously by the prince Marutha. But Ravana himself appears in person officially with his soldiers. Then Marutha confessed that he was instructed by the Vedic priests to perform this yaga though he was not very well informed about this. Then Ravana rebukes him, stops the preparations, releases all the animals intended for sacrifice and threatens the priests. Then Marutha was initiated to the practice of Ahimsa Dharma and he was made to give a solemn promise that he would be no more a party to animal sacrifice or yajna. This story found in Jaina Ramayana clearly indicates that the Vidyadharas since they were followers of Ahimsa cult were sternly opposed to any performance of yaga within their borders. Perhaps that explains why according to the Valmiki Ramayana, the Raksasas were always bent upon preventing the performance of yagas and whenever an attempt is made to perform yaga the parties had to seek the aid of military protection before they could carry on the ceremony. This is illustrated in the Ramayana where Visvamitra takes the military aid of the royal princes, Rama and Laksmana before he starts the rituals. Thus the circumstantial evidence goes to support the theory that the people of the land were all followers of Rsabha cult and they were staunchly defending their cult of Ahimsa whenever there was an interference from outside. This theory implies that even before the advent of the Rgvedic Aryans, the people of the land had a higher form of religion. The Rsabha cult of Ahimsa is further borne out by an evidence supplied by the later Brahmanas and the Upanisads. When the Aryans of the Rgvedic period prominenly settled in Northern India, their vedic culture of Yagas, must have been prevalent side by side with the religious practice associated with the earlier Rsabha cult. The royal families representing the Iksavakus clan and other clans must have been driven towards the East by the conquering hoards of the Rgvedic Aryans who came and settled in the Punjab. The earlier Aryan families who adopted the Ahimsa cult of Lord Rsabha must have been opposed to this new cult of the Aryans. Therefore we have

उनकी रक्षा करें। इसी यज्ञ रक्षा के लिए विश्वामित्र ने राम और लक्ष्मण को निमन्त्रित किया था। जैन परम्परा का समर्थन इस उल्लेख से भलीभाति हो जाता है। यह कथा यह भी सिद्ध करती है कि ऋृग्वेदिक आर्यों के आने के पूर्व यहां के निवासियों के पास अधिक उच्चकोटि का धर्म था। ब्राह्मण और उपनिषदों में भी ऐसे उल्लेख मिलते हैं। जब ऋृग्वेदिक आर्य उत्तर भारत में बस चुके थे, उस समय ऋृषभ संस्कृति भी उनकी यज्ञ संस्कृति के साथ प्रचलित रही होगी। इन ऋृग्वेदिक आर्यों ने इक्ष्वाकु आदि राजवंशों को पूर्व में खदेड़ दिया होगा और स्वयं पंजाब में स्थिरता पूर्वक बस गए होगे। प्राचीन आर्यों ने जो अहिसा संस्कृति के पुजारी थे निश्चित ही इन नवीन आर्यों की संस्कृति का विरोध किया होगा। शतपथ ब्राह्मण में प्राच्य देश के आर्यों को, जो काशी, कौशल, विदेह और मगध में बसे हुए थे, आर्यभ्रष्ट की संज्ञा दी है। कुरुपांचाल देश के पारम्परिक ब्राह्मणों को इन पूर्वदेशो की यात्रा न करने की सलाह दी गई है क्योंकि इन भ्रष्ट आर्यों ने यज्ञीय संस्कृति को बिलकुल छोड दिया और विरोधी अहिंसा संस्कृति को अपना लिया। वे पुरोहितों को भी स्वीकार नही करते। सामाजिक रूप से ब्राह्मण समुदाय से क्षत्रिय समुदाय को अधिक श्रेष्ठ मानते हैं। फलतः यदि पारम्परिक ब्राह्मण वहां यात्रा करेगे तो वहा उनका पूरा सम्मान नही होगा। शतपथ ब्राह्मण का यह उल्लेख स्पष्ट रूप से यह सिद्ध करता है कि पूर्व देशवर्ती लोग यज्ञीय संस्कृति के विरोधी थे और अहिसा सस्कृति के अनुयायी थे। ये अहिंसा संस्कृति के अनुयायी बौद्धिक थे और क्षत्रिय थे। सभी चौबीसों तीर्थंकर और गौतम बुद्ध क्षत्रिय ही थे जो अहिंसा सस्कृति के अनुयायी थे और कुरुपाचाल देशी यज्ञ संस्कृति के पुजारी ब्राह्मण थे। जब हम उपनिषद् साहित्य की ओर देखते है तो पाते है कि वहां बौद्धिक जीवन पद्धति मे एकदम अन्तर हो गया। इसके पूर्व समूची वैदिक संस्कृति "स्वर्गकाम यजेथव्या" वादी थी, स्वर्गकामी व्यक्ति यज्ञ करते थे, पर जैसे ही हम उपनिषद् काल में पहुचते है कि विचारों में एकदम अन्तर दिखाई देता है। वहा हम पाते हैं कि बौद्धिक नेता उपयोगितावादी सस्कृति के पक्षधर नहीं थे। वे सांसारिक उन्नति और स्वर्ग की इच्छा नहीं करते थे। वे इससे भी कहीं अधिक मूल्यवान् तत्त्व की खोज मे

a reference to the Pracyadesa, the Eastern countries in the Brahmanas. The most important of these the Satapathabrahmana refers to the people of these Pracyadesas which include, Kasi, Kosala, Videha and Magadha as Aryabhrastas. The orthodox Brahmins of Kurupancaladesa are advised not to travel in the Eastern countries. Because the corrupt Aryans completely gave up the performance of yaga; they adopted an opposite Dharma altogether. They hold that not performing yaga is their Dharma and performing yaga is a contradiction to Dharma, or Adharma. Further these people of the Eastern countries do not recognise social eminence of the priests. Hence the orthodox priests, if they travel in the Eastern countries will not be respected according to their social status. These reasons given in the Satapathabrahmana clearly indicate that the people of the Eastern countries of Gangetic valley were all apposed to the Vedic culture of the yaga, and were followers of Ahimsa Dharma. Here we have to note the fact that the followers of Ahimsa Dharma the intellectual leaders of the Eastern countries of he Gangetic valley were all Ksatriyas. All the twenty four Tirthankaras of the Jainas and the founder of Buddhism Gautama Buddha all claimed to be Ksatriyas; that the Ksatriyas were champions of Ahimsa Dharma that they were opposed to vedic sacrifice, yaga championed by the priests of the Kurupancala country is further corroborated by the Upanisadic literature which forms the Vedanta or last form of vedic literature. When we turn to Upanisadic literature we observe a complete change in the intellectual attitude towards life and problems. Prior to that the whole of Vedic culture is Svargakama Yajetvayah--if you want happiness in Svarga you must perform sacrifice.But when we turn to the Upanisadic period the idea is entiely different. We notice that the intellectual leaders of the Upanisadic period do not a attach any importance to the utilitarian idea. Prosperity here and Svarga happiness hereafter are considered both as worthless acquisitions. One is advised to look to something far more valuable than this. That Naciketas rejects the blessings of prosperity offered by Yama, that Maitreyi, the wife of Yajnavalkya refused the offer by her husband of all his riches show clearly that the ideal of the Upanisadic principle is far higher than that presented by the previous age of the vedic culture. Spiritual yaga is considered to be inferior. The Upanisads emphasise a metaphorical yaga of kindling the spiritual fire by yoga in which all the inpurities associated with the self are to be burnt for the purpose of self purification and spiritual realisation. The priests of Kurupanncala countries throng to the royal courts of the Pracyadesa with a request to be initiated into this new culture of Atmavidya which is championed by the Ksatriya scholars

थे। नचिकेता ने यम द्वारा प्रस्तावित भौतिक उन्नति को अस्वीकारा, याज्ञवल्क्य की पत्नी मैत्रेयी ने अपने पति द्वारा प्रदेय संपत्ति को ठुकराया। ये उदाहरण इतना कहने के लिए पर्याप्त है कि उपनिषद् संस्कृति प्राचीन वैदिक संस्कृति से अधिक मूल्यवान थी। वहां आध्यात्मिक यज्ञ अस्वीकार्य था। उपनिषदों ने ऐसे आध्यात्मिक लाक्षणिक यज्ञाग्नि को स्वीकार्य माना था जो आत्मा के साथ लगी अशुद्धियो को जला सके और आध्यात्मिक शुद्धि ला सके स्वानुभूति के साथ। कुरु–पांचाल देश के पुरोहितों ने प्राच्यदेश के महाराजाओं से निवेदन किया कि वे इस आत्मवादी संस्कृति को स्वीकारें जिसे क्षत्रियो विद्वानों ने प्रारंभ किया है। उपनिषदी सस्कृति में यह नया परिवर्तन क्यों और कैसे आया? उत्तर यह है कि प्राच्यदेश के बौद्धिक नेता अपनी अहिंसा संस्कृति का तबतक प्रचार करते रहे जब तक कुरुपाचाल के विद्वान् यह नहीं मानने लगे कि उनकी यज्ञीय सस्कृति अहिसा सस्कृति से हीन है । इस प्रकार जैन परम्परा पूर्णतः संहिताओ, ब्राह्मणो और उपनिषदों द्वारा मान्य रही है। ये तथ्य वैदिक साहित्य से भी पुष्ट होते हैं। साथ ही सिन्धु घाटी के उत्खनन से भी प्रमाणित होता है कि आर्यों के आने के पूर्व इस समूचे देश मे एक अहिसा सस्कृति फैली हुई थी जिसे तीर्थंकर ऋषभदेव ने प्रारम्भ किया था।

टिप्पण – यहां वैज्ञानिक विश्लेषण से सम्बद्ध विषय का संक्षिप्त भावानुवाद किया गया है।

of the land. What is the origin of the new change of the attitude in the Upanisadic culture. The only answer that we can think of is the Ksatriya intellectuals of the Eastern countries of the Gangetic valley staunchly defended their Ahimsa cult given to them by Lord Rsabha till they were able to convince the priest of Kurupancala that their sacrifice was distinctly inferior to this cult of Ahimsa or Atmavidya. Thus we have the Jaina tradition fully corroborated by non-Jaina Vedic literature in these three distinct historic groups of the Samhitas, the Brahmanas, and the Upanisads These facts supplied by the Vedic literature taken in conjunction with the evidence supplied by the excavations of the Indus valley civilisation will constrain us to believe that the Rsabha cult of Ahimsa and the practive of tapas or yoga must have been the ancient cult of the Indians throughout the land prevalent even before the advent of the Aryans who sang the hymns of the Rgveda. Thus the Ahimsa cult revealed by Lord Rsabha ws the most ancient of religious cults which must have been prevalent in the Nothern India and which must have been the practice in religion of the people of the land at the time of Aryan invasion.

